जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोन:- 226422, 226423 फैक्स:- 02973-226424 वर्ष: 19 संख्या: 79 प्रभात जालोर, मंगलवार 25 जून, 2024 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## एन.डी.ए. के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी हुई संसद में

### ओडीशा के पूर्व मु.मंत्री नवीन पटनायक ने राज्यसभा में अपने नौ सांसदों को हिदायत दी कि, राज्यसभा में सजीव व सशक्त विपक्ष की भूमिका निभायें, एन.डी.ए. को समर्थन देने की बिल्कुल न सोचें

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- अब तक बी.जे.डी., एन.डी.ए. को महत्वपूर्ण मुद्दों पर समर्थन करती आई थी। पर, बी.जे.डी. की नई लाइन होगी, ओडीशा का हित सर्वोपरि रहेगा, तथा अगर मोदी सरकार, ओडीशा के हितों की अवहेलना करती है तो बी.जे.डी. के सांसद (राज्यसभा सदस्य) जमकर विरोध करेंगे।
- बी.जे.डी. (बीजू जनता दल) ने ओडीशा की, कोयले की रॉयल्टी बढ़ाने की पुरानी मांग व ओडीशा में मोबाइल कनेक्टिविटी कमज़ोर होने तथा नैशनलाइज्ड बैंकों की बहुत कम शाखाएँ होने की पुरानी शिकायतों को दोहराया।
- अब तक बी.जे.डी. ''इशू बेस्ड'' समर्थन ही नहीं देती थी, एन.डी.ए. को, बल्कि अन्य मौकों पर एन.डी.ए. की ओर सहायता का हाथ भी बढ़ाती थी, जैसे, 2019 से अब तक रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव को, ओडीशा का राज्यसभा सदस्य बनाकर भेजने में पूर्ण मदद की थी।
- दूसरी और प.बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी तीन पेज का खत लिखकर प्र.मंत्री मोदी को शिकायत दर्ज कराई है कि, हाल ही में बांग्लादेश की प्र.मंत्री से गंगा व तीस्ता नदी तथा, फरक्का बैराज से पानी के बंटवारे पर बातचीत की, तथा प.बंगाल को इस बातचीत में शामिल नहीं किया, यह अनुचित है। क्योंकि बंगाल व बांग्लादेश के भौगोलिक, सांस्कृतिक व आर्थिक संबंध हैं, जिसकी गहराई शायद कोई और नहीं समझ सकता है।

नई दिल्ली, 24 जून। प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले सत्तारुढ़ एन.डी.ए. के सामने चुनौतियाँ बढ़ती जा रही हैं, ओडीशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है कि, राज्य सभा में अपने नौ सांसदों के साथ बीजू जनता दल (बी.जे.डी.) भाजपा को समर्थन नहीं देगा।

नवीन पटनायक ने अपने सांसदों से यह भी कहा है कि, वो अपने राज्य के हितों से संबंधित मुद्दों को उपयुक्त तरीके से जोर-शोर से उठाएं। बी.जे.डी. सुप्रीमो ने अपनी पार्टी के नौ राज्यसभा सांसदों से कहा है कि, संसद के उच्च सदन में वो ''सजीव व सशक्त'' नेता बनकर उभरें।

सोमवार को पटनायक की सांसदों के साथ हुई बैठक में यह संदेश दिया गया।

बी.जे.डी. के राज्यसभा सांसद, सस्मित पात्रा ने पत्रकारों से कहा, ''इस बार बी.जे.डी. सांसद केवल मुद्दों पर बोलने तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि, आंदोलन करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं, यदि केन्द्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने ओडीशा के हितों की अनदेखी की।''

ओडीशा के लिए विशेष दर्जे की मांग उठाने के अलावा, बी.जे.डी. के सांसद, राज्य में मोबाइल की खराब कनैक्टिविटी और राज्य में नैशनलाइज़्ड

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## इमर्जेंसी के खिलाफ आज भाजपा का विरोध प्रदर्शन

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 जून। भारतीय जनता पार्टी को सोमवार को अचानक ''लोकतंत्र के काले दिनों की याद में देशव्यापी स्तर पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने की याद आई, ज्ञातव्य है कि 25 जून 1975 को कांग्रेस सरकार ने देश में आपातकाल लागू किया था।

भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया अध्यक्ष

- 49 साल पहले सन् 1975 में 25 जून को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया था। भाजपा के इस कदम को कांग्रेस को विपक्षी गठबंधन में अलग-थलग करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

अनिल बलूनी ने उन दिनों को याद कर कहा कि किस प्रकार आपातकाल लागू होने के अगले 21 महीनों तक कांग्रेस सरकार ने देश के लोकतंत्र और संविधान को बंधक बना लिया था तथा जनता, मीडिया व विपक्षी नेताओं पर बेशुमार अत्याचार किए गए थे। भाजपा का यह विरोध प्रदर्शन राहुल गांधी के संविधान बचाओ कार्यक्रम का जवाब है। उसका यह कार्यक्रम राष्ट्रव्यापी नहीं

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## ममता बनर्जी ने केन्द्रीय सरकार को ज्ञापन भेजा नीट परीक्षा पर

### ''नीट परीक्षा प्रणाली रद्द हो, तथा राज्य सरकार द्वारा मैडिकल कॉलेजों मे प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित करने का अधिकार राज्य सरकारों को पुनः दे दिया जाये, जैसा कि, 2017 से पहले था''

-अंजन राय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- ममता बनर्जी का तर्क है कि, सन् 2017 से पहले इतना व्यापक भ्रष्टाचार नहीं था, एडमिशन की परीक्षाओं में जितना अब है।
- ममता बनर्जी का यह भी कहना है कि, हर डॉक्टर को तैयार करने में राज्य सरकार लाखों रूपए खर्च करती है, अतः उनके चयन में भी राज्य सरकार की दखल होनी चाहिये।
- पर, यह भी सच है कि, ममता बनर्जी को यह ज्ञान अब प्राप्त हुआ, जब उन्हें लोकसभा चुनाव में भाजपा के मुकाबले झटका लगा, शहरी क्षेत्रों में, म्युनिसिपल एरियाज़ में।
- नयी ममता ने यह स्वीकारते हुए अपने प्रशासन व वरिष्ठ नेताओं की भी भर्त्सना की, जिन्होंने शहरी क्षेत्रों में अपने कृत्यों से बदइंतजामी व भ्रष्टाचार फैलाया था।

नई दिल्ली, 24 जून। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सरकारी नौकरियों की परीक्षा में हेरा-फेरी कर भारी घोटाला करने के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मैडिकल प्रवेश की परीक्षाएं राज्यों में ही आयोजित करने वाले पुराने सिस्टम को बहाल करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को एक प्रतिवेदन भेजा है।

उन्होंने शहरी क्षेत्रों में विफल रहने वाले तृणमूल कार्यकर्ताओं के साथ ही निगम में अपने स्वयं के निर्वाचित अधिकारियों की जोरदार खिंचाई शुरू कर दी है। उन्होंने वह काम शुरू कर दिया है, जिसमें वे माहिर हैं, यानी कि नए से नए आंदोलन शुरू करना, ना कि सुशासन पर ध्यान देना।

यह सर्वविदित है कि राज्य सरकार की भर्ती प्रक्रिया तृणमूल के उन नेताओं द्वारा दूषित कर दी गई जिन्होंने नौकरी के इच्छुक लोगों से भर्ती प्रक्रिया के लिए रिश्वत ली थी। सी.बी.आई. ने सरकारी नौकरियों के घोटाले में तृणमूल कांग्रेस के कुछ शीर्ष कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के दौरान यह पता चला कि सरकारी भर्ती में तृणमूल की संलिप्तता रही है।

इसके विपरीत ममता ने अब नीट व नैट परीक्षाओं में पेपर लीक पर हमला बोला है। उन्होंने इस घोटाले के लिए केन्द्र सरकार को जिम्मेवार माना है। ममता बनर्जी का मानना है कि पहले के सिस्टम में राज्य मेडिकल एन्ट्रैन्स परीक्षा आयोजित करते थे, जिसमें

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## कांग्रेस सांसदों ने संविधान हाथ में लेकर शपथ ली

### प्र.मंत्री मोदी द्वारा लोकसभा की सदस्यता की शपथ ग्रहण के दौरान कांग्रेस ने संविधान की प्रति लहराई

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- शुक्रवार को नई लोकसभा की शुरुआत हुई। पहले दिन प्रो-टैम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने नए सांसदों को शपथ दिलाई।
- पहले दिन लोकसभा 6 बजे स्थगित हो गई, अतः मंगलवार को भी शपथ ग्रहण जारी रहेगा।

नई दिल्ली, 24 जून, लोकसभा के नव निर्वाचित सदस्यों ने सोमवार को जैसे ही सदस्यता की शपथ ग्रहण की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व अन्य पार्टियों के सांसदों ने प्रधानमंत्री मोदी को संविधान की प्रति दिखाई, क्योंकि प्रो-टैम स्पीकर भर्तृहरि महताब जो भाजपा के सबसे वरिष्ठ सांसद भी हैं, ने सबसे पहले मोदी को सदस्यता की शपथ दिलाई थी। और उसके बाद सांसदों को। कांग्रेस के बहुत सारे सांसदों ने उनके हाथों में संवधिान की प्रति पकड़े हुए शपथ ग्रहण की।

सदस्यों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम कल भी जारी रहेगा क्योंकि सदन सोमवार को शाम 6:00 बजे स्थगित हो गया। महताब के कामकाज में भाजपा के दो सांसदों ने सहयोग किया, क्योंकि कांग्रेस के सांसद के. सुरेश कुमार ने वरिष्ठतम सांसद होने के बावजूद राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा उन्हें प्रो-टैम स्पीकर नियुक्त नहीं करने के विरोध में विपक्ष ने राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त गठित पैनल में नियुक्ति को अस्वीकार कर दिया। इस विरोध के जवाब में सरकार का जवाबी तर्क यह है कि महताब, जो बीजू जनता दल (बी.जे.डी.) से दल बदलकर आये थे उनकी आठवें कार्यकाल तक निरन्तरता रही है जबकि सुरेश के कार्यकाल में ब्रैक था।

पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस को यह स्वीकार्य नहीं है कि प्रधानमंत्री व गृह मंत्री अमित शाह संविधान पर हमला करें और यही कारण है कि पार्टी के सांसद शपथ ग्रहण करते समय संविधान की प्रति अपने हाथ में लिए हुए हैं।

जब उनसे पूछा गया कि क्या इससे सही संदेश जाता है। इस पर राहुल ने कहा कि संदेश जोरदार व स्पष्ट है कि संसार में ऐसी कोई शक्ति नहीं है जो भारतीय संविधान के साथ छेड़छाड़ कर सके या उसे नष्ट कर सके।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी ही सरकार को बचाने के लिए बैकफुट पर हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत इंडिया गठबंधन अपना दबाव बढ़ाएगा और लोगों को अपनी आवाज़ उठाने के लिए प्रेरित करेगा ताकि प्रधानमंत्री मोदी

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## अधिकतम 10 टन गेहूँ का स्टॉक रखा जा सकता है

नई दिल्ली, 24 जून (वार्ता)। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने गेहूं की जमाखोरी रोकने के लिए पूरे देश में गेहूं के स्टॉक पर तत्काल प्रभाव से उच्चतम सीमा लागू कर दी है। यह आदेश 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगा।

मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के

- सरकार ने गेहूं के स्टॉक पर तत्काल प्रभाव से उच्चतम सीमा लागू कर दी है। यह आदेश 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगा। अधिकतम 10 टन गेहूँ का भंडारण किया जा सकेगा।

अनुसार, समठा खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने तथा जमाखोरी और बेईमानी से की जा रही सट्टेबाजी को रोकने के लिए सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला वाले खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं पर लागू गेहूं पर स्टॉक सीमा लगाने का निर्णय लिया है।

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## भाजपा ने तमिलनाडू शराब दुखांतिका पर कांग्रेस के मौन पर सवाल उठाए

### भाजपा अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिख कर कहा, आदिवासियों की मौत पर कांग्रेस की चुप्पी पर मैं स्तब्ध हूँ

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- नड्डा ने कहा कि, तमिलनाडू का गांव करूणपुरम, जहाँ ज़हरीली शराब पीने से 58 लोग मरे हैं, वह अनुसूचित जाति बहुल गांव है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष से कहा, अनुसूचित जाति के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठना चाहिए।
- नड्डा ने कहा, अब समय है ''न्याय'' की बात करने का। आप ''न्याय'' को एक असफल नेता को स्थापित करने की कोशिश में मात्र एक आकर्षक ''नारे'' की तरह ही इस्तेमाल ना करें।
- कोलकाता ट्रेन हादसे, नीट पेपर लीक, जैसे मुद्दों पर बुरी तरह से विपक्षी इंडियाा गठबंधन के निशाने पर आई भाजपा सरकार को तमिलनाडू हादसे ने विपक्ष पर पलवार करने का हथियार दे दिया है।
- नड्डा ने कहा कि, इंडिया गठबंधन के दलों में अवैध शराब का धंधा करने व शराब घोटाला करने की प्रवृत्ति निहित है।

नई दिल्ली, 24 जून। कोलकाता ट्रेन दुर्घटना और नीट पेपर लीक पर देशभर में हो रहे प्रदर्शनों के कारण विपक्ष के दबाव में आई भाजपा को भी इंडिया गठबंधन को घेरने के लिए मुद्दा मिल गया है भाजपा ने तमिलनाडु में हुई अवैध शराब दुखांतिका को लेकर इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा है। इस हादसे में 58 लोग मारे जा चुके हैं तथा कई अस्पताल में भर्ती हैं।

भाजपा अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को एक कड़ा पत्र लिखा और ''मैन मेड'' विनाश पर चुप्पी के लिए निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारण हुई ये मौते टाली जा सकती थीं उन्होंने इस घटना की सी.बी.आई. से जांच कराने की मांग की।

नड्डा ने अपने पत्र में लिखा, जब इतना बड़ा हादसा हुआ तब मैं स्तब्ध रह गया। आपके नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी ने इस पर चुप्पी साधे रखी है। इस समय भाजपा और पूरा देश आपसे मांग करता है कि आप द्रमुक, जो तमिलनाडू में इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करता है से इस हादसे की सी.बी.आई.जांच से करवाने तथा मुथुस्वामी को मंत्री पद से हटाने के लिए कहें।

तमिलनाडु में भाजपा सहित सभी विपक्षी दलो ने पूरे राज्य में धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया है और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन से इस्तीफा मांग रहे है। नड्डा ने कहा कि अगर द्रमुक सरकार व अवैध शराब माफिया की सांठ-गांठ नहीं होती तो ये जाने बच सकती थी।'' भाजपा प्रमुख ने कहा कि, अवैध शराब दुखांतिका के बाद करुणापुरम गांवों में इतनी सारी चिताए जलने का दृश्य बेहद डराने वाला है। इस हादसे में 159 लोग अस्पताल में भर्ती है। इस घटना ने देश के जनमानस को झरझोर दिया है।

भाजपा प्रमुख ने कांग्रेस अध्यक्ष को कहा कि करुणापुरम गांव, जहां यह हादसा हुआ है, में अनुसूचित जाति की आबादी ज्यादा है जिन्हें तमिलनाडु में भारी भेदभाव और गरीबी सहनी पड़ती

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## इंडिया और एन.डी.ए. के बीच राउण्ड-2 मुकाबला

नई दिल्ली, 24 जून। लोकसभा चुनाव के बाद अब देश में 13 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव होना है। सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाला एन.डी.ए. और विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन इसे लेकर तैयारियों में जुट गया है। मालूम हो कि आम चुनाव में भाजपा

- 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर 10 जुलाई को वोटिंग होगी। राजस्थान में 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होंगे।

बहुमत के आंकड़े से पीछे रह गई जबकि इंडिया ने अपनी संख्या और ताकत काफी मजबूत कर ली। 7 राज्यों की 13 विधानसभा क्षेत्रों में 10 जुलाई को उपचुनाव होना है। राजस्थान में पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होंगे। ये सीटें विभिन्न दलों के मौजूदा विधायकों की मृत्यु या इस्तीफे के कारण खाली हुई हैं। इनमें बिहार की रूपौली, पश्चिम बंगाल

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## संसद के पहले ही दिन प्र.मंत्री मोदी व इंडिया गठबंधन के नेता खड़गे के बीच झड़प देखने को मिली

### झड़प का मुख्य मुद्दा रहा, ''एमरजैंसी शब्द'' की परिभाषा

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- प्र.मंत्री मोदी ने कहा, 25 जून, इंदिरा गांधी द्वारा घोषित ''एमरजैंसी'' को पचास साल पूरे होंगे तथा भारत की जनता इसे हमारे प्रजातंत्र को सबसे काले धब्बे के रूप में याद करेगी, जब संविधान की धज्ज़ियाँ उड़ा दी गई थीं, देश को विशाल जेल में परिवर्तित हो गया था।
- खड़गे ने प्रत्युत्तर में कहा कि, प्र.मंत्री को पचास साल पुरानी ''एमरजेंसी'' तो याद है, पर, वो एमरजेंसी याद नहीं, जो गत दस साल से भाजपा ने देश पर लाद रखी है। जनता को वर्तमान ''एमरजैसी'' कतई स्वीकार नहीं, और जनता ने अपनी राय लोकसभा चुनाव में साफ जाहिर कर दी है, स्टाम्प लगाकर, भाजपा को बहुमत प्रदान न करके।
- प्र.मंत्री मोदी ने इस मुद्दे पर कहा कि, साठ साल बाद यह मौका आया है कि, जनता ने तीसरी बार लगातार किसी सरकार को जिता कर भेजा है। आशा है विपक्ष इस निर्णय की गरिमा को स्वीकार करेगा, क्योंकि जनता जिम्मेवार विपक्ष चाहती है, तथा संसद में बहस, मंथन चाहती है, न कि, शोर शराबा व लगातार व्यवधान।
- पहले दिन के घटनाक्रम से यह तो साबित हुआ कि, यह तो स्वीकार कर लिया गया है कि, भाजपा को झटका लगा है, पर, प्र.मंत्री मोदी सदन को विपक्ष की मनमर्जी अनुसार हांकने नहीं देंगे, तथा किसी विपक्षी दल नेता को वो महत्व व स्थान नहीं देना चाहते, जो विपक्ष समझता है कि, वह उसका हकदार है।

नई दिल्ली, 24 जून। लोकसभा चुनावों के बाद संसद के प्रथम सत्र में ही आज सत्तारूढ़ एन.डी.ए. और इंडिया गठबंधन के बीच झड़प हो गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच ''आपातकाल'' शब्द को लेकर वाक्युद्ध छिड़ गया।

मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल के पहले संसद सत्र की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। आज सुबह लोकसभा की बैठक शुरु होने से पूर्व प्रधानमंत्री ने मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को निशाना बनाते हुए ''आपातकाल'' को लेकर प्रहार किया।

प्रधानमंत्री ने सदन की बैठक शुरु होने से पूर्व मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि कल 25 जून आपातकाल की 50वीं बरसी होगी। उन्होंने इसे देश के लोकतंत्र पर एक ''काले धब्बे'' की संज्ञा दी।

कांग्रेस प्रमुख खड़गे ने प्रधानमंत्री पर पलटवार करते हुए कहा कि ''आप विपक्ष को चेतावनी दे रहे हैं। आप 50 साल पुराने आपातकाल की बात कर रहे है, लेकिन आप पिछले 10 सालों से चल रहे अघोषित आपातकाल को भूल गए हैं।''

खड़गे ने कहा कि देश की जनता ने मोदी जी के खिलाफ जनादेश दिया है तथा इंडिया गठबंधन संसद के भीतर और बाहर जनता की आवाज़ उठाएगा।

संसद का वर्तमान सत्र देश में आम चुनाव सम्पन्न होने के बाद आयोजित किया जा रहा हैं और विपक्ष लोकसभा चुनाव में अपने अच्छे प्रदर्शन से उत्साहित है, जिसमें उसने भाजपा को बहुमत का आंकड़ा छूने से रोक दिया था। ऐसा लगा कि एन.डी.ए. सहयोगियों के समर्थन से पुनः प्रधानमंत्री पद पर लौटे प्रधानमंत्री विपक्ष को उचित सम्मान देने के मूड में बिल्कुल भी नहीं हैं और टकराव के लिए पूरी तरह से तैयार थे। विपक्ष की योजना अपने संख्याबल के बलबूते पर सरकार को सदन में घेरने की है। तथापि, प्रधानमंत्री के भाषण शैली से समझ में आता है कि भाजपा को लोकसभा चुनावों में भले ही आघात लगा हो, किन्तु विपक्ष को अपनी

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## ''ब्रिटानिया'' की 70 साल पुरानी फैक्टरी बंद

कोलकाता, 24 मई। कोलकाता में ''ब्रिटानिया'' की 70 साल से चल रही फैक्टरी बंद हो गई है। फैक्टरी के बंद होने को लेकर भाजपा ने टी.एम.सी. की सरकार पर हमला बोला है।

- भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि, कोलकाता की इस फैक्टरी का बंद होना वास्तव में बंगाल के पतन का प्रतीक है। एक ऐसा राज्य जो कभी अपनी समृद्धि के लिए मशहूर था, वह आज पतन के रास्ते पर है।

ब्रिटानिया ने घोषणा की है कि उसके फैक्टरी के सभी कर्मचारियों को वी.आर.एस. पर भेजा जा रहा है और

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## विचार बिन्दु

अपराधी के दंड में उपयोगिता होनी चाहिए। –वाल्टेयर

# नौकरी और प्रवेश परीक्षाओं में आमूल चूल परिवर्तन करना ही होगा

एन टी ए द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में जिस बड़े पैमाने पर धांधली, पेपर लीक और भ्रष्टाचार होने की घटनाएँ सामने आई हैं, उसके आधार पर पूरी परीक्षा को ही एक 'स्कैम' कहा जा सकता है। एन टी ए ने पेपर लीक की आशंका के कारण 'यू जी सी- नेट', 'सी एस आइ आर - नेट' 'नीट - पी जी' की परीक्षाएँ भी स्थगित/ रद्द कर दी हैं। इसके अलावा विभिन्न विभागों, लोक सेवा आयोगों और सरकारों द्वारा आयोजित अनेक भर्ती परीक्षाएँ भी पेपर लीक के कारण निरस्त की गई हैं। कुल मिलाकर पूरी परीक्षा प्रणाली ही इतनी दोष पूर्ण हो गई है कि लाखों, करोड़ों युवाओं का भविष्य ही दांव पर लग गया है। ऐसी परिस्थिति में यह आवश्यक हो गया है कि पूरे देश में विभिन्न सरकारी नौकरियों के लिए और विभिन्न उच्च/ तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षाओं की मूल अवधारणा पर पुनर्विचार किया जाए एवं आवश्यक हो तो उसमें आमूल चूल परिवर्तन करके नई व्यवस्था को स्थापित किया जाए। यदि सरकारी सेवाओं में लोग भ्रष्टाचार की सीढ़ी पर चढ़कर आएंगे एवं इंजीनियरिंग और मेडिकल की परीक्षाओं में छात्र केवल ऐसी परीक्षाओं के आधार पर प्रवेश पाएंगे तो फिर देश में किस प्रकार के अधिकारी, डॉक्टर और इंजीनियर होंगे, इसकी केवल कल्पना ही की जा सकती है।

इस आलेख में हम इस पर चर्चा करेंगे कि पूरी भर्ती प्रक्रिया का आयोजन किस प्रकार से होना चाहिए ताकि श्रेष्ठ और सर्वाधिक उपयुक्त व्यक्ति चयनित हो सकें। आज हम विभिन्न परीक्षाओं के माध्यम से केवल अभ्यर्थियों के स्मरण शक्ति की परीक्षा लेते हैं कि वह कितनी जानकारी को अपने दिमाग में ठूँस सकता है और परीक्षा के 3 घंटे में उनमें से कितनी उगल सकता है। इसी आधार पर यह तय हो जाता है कि कौन किसी महत्वपूर्ण सरकारी पद पर बैठने लायक है, कोई व्यक्ति डॉक्टर बनकर के चिकित्सा के क्षेत्र में जाने लायक है अथवा इंजीनियर बनकर सड़कों, भवनों या पुलों का निर्माण करने योग्य है?

प्रथम आवश्यकता यह है कि प्रत्येक प्रकार की सेवाओं के लिए यह तय किया जाए कि उस सेवा में अधिकारी अथवा कर्मचारियों में किस प्रकार के गुण, योग्यता और कौशल की आवश्यकता है? कोई व्यक्ति यदि गणित के सवाल बहुत अच्छे कर लेता है या राजनीति शास्त्र या संस्कृत आदि-आदि विषयों में पारंगत है या रट करके इतिहास के तथ्य और तिथियां परीक्षा में लिख सकता है या देश-दुनिया के भूगोल के बारे में अच्छी जानकारी रखता है तो इस आधार पर वह कैसे राजकीय सेवा के लिए उपयुक्त घोषित हो जाता है? अभी तो हम यह मानकर चल रहे हैं कि परीक्षाएँ पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से आयोजित हो रही हैं। केवल कुछ विषयों की जानकारी को रट कर अधिक अच्छे अंक प्राप्त करके वह किसी सेवा में प्रवेश कर लेता है तो यह एक प्रकार से विडंबना ही होगी। यही एक कारण है, जिससे हमारी नौकरशाही की एवं विभिन्न सरकारी सेवाओं की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है।

सरकार में पद के महत्त्व और कार्य के अनुसार अधिकारियों/ कर्मचारियों के लिए आवश्यक कौशल और व्यक्तिगत गुणों को निर्धारित किया जा सकता है। फिलहाल यदि हम चयन में भ्रष्टाचार की बात छोड़ भी दें तो विभिन्न परीक्षाओं के लिए जिस प्रकार के कोचिंग इंस्टिट्यूट बन गए हैं, और जिस तरह से विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए तैयार किया जा सकता है, उससे कभी भी अभ्यर्थी का मूल चरित्र एवं उसकी क्षमता का पता लगना लगभग असंभव है।

किसी सरकारी पद पर नियुक्त व्यक्ति में कुछ गुण और दक्षता अत्यावश्यक हैं जैसे– संवेदनशीलता, ईमानदारी, समस्या के जड़ में जाने की क्षमता, विश्लेषण की क्षमता, लिखित और मौखिक संप्रेषण की क्षमता, अपनी बात को समझाने का कौशल, अपने विचार को स्पष्ट और सटीक रूप से लिखकर प्रस्तुत करने की क्षमता, विकट परिस्थितियों में अपना संतुलन बनाए रखने की क्षमता, टीम के सदस्य के रूप में काम करने की क्षमता, समय पालन की आदत, नेतृत्व की क्षमता, उपलब्धियों का श्रेय अपने साथियों को देने की इच्छा, कमजोर एवं वंचित लोगों के प्रति अधिक संवेदनशीलता, महिलाओं को प्रति सम्मान की भावना, निशक्तजनों के प्रति आदर, समाज में बदलाव लाने की उत्कट इच्छा, जनप्रतिनिधियों के साथ संतुलन बनाते हुए भी अपनी रीढ की हड्डी को सीधे रखते हुए सही बात सामने रखने का साहस, नम्रता पूर्वक व्यवहार करते हुए भी गलत काम करने से इनकार करने का साहस, जाति, वर्ग, विशेष से ऊपर उठकर निर्णय लेने की दक्षता और क्षमता, सरलता और सादगी पूर्ण व्यवहार, आडंबर पूर्ण व्यवहार और अहंकार रहित जीवन जीने की इच्छा, भ्रष्टाचार के प्रति असहनशीलता, अनुचित माध्यम से धन प्राप्ति की अनिच्छा, अन्य के भ्रष्टाचार में सहायक न बनने की हिम्मत, राजनीति से प्रभावित हुए बिना अपने कार्य को जनहित में करते रहने की प्रबल आकांक्षा।

पद के महत्त्व और कार्य के अनुसार उपरोक्त सूची में कुछ घटाये-बढ़ाए जा सकते हैं। सबसे पहले यह भी तय करने की आवश्यकता है कि क्या राजनीतिक नेतृत्व को उपरोक्त लिखित गुणों के आधार पर चयनित व्यक्ति उन्हें प्रशासन में चाहिए अथवा नहीं? स्वाभाविक है, कोई भी नेता, किसी भी राजनीतिक दल का हो, उपरोक्त का विरोध नहीं कर पाएगा। एक बार यह निश्चित हो जाए कि किस प्रकार के वांछित गुण अच्छे राजकीय कर्मचारी या अधिकारी में होने चाहिए, तो फिर अगला प्रश्न यह उठाता है कि ऐसे गुणों से युक्त व्यक्तियों की पहचान किस प्रकार की जाए ताकि इसके लिए किसी भी अभ्यर्थी का पुराना रिकार्ड और पृष्ठभूमि को देखा जा सकता है।

कई प्रकार के मनोवैज्ञानिक विधियां हैँ जिनकी सहायता ली जा सकती है। उसे विभिन्न प्रकार की स्थितियों में रखकर उसका विश्लेषण करने हेतु कहा जा सकता है।

उपरोक्त लिखित विभिन्न प्रकार के गुणों की पहचान करना सम्भव है। कोई व्यक्ति भ्रष्टाचार करता है तो उसका नुकसान एक बार होता है लेकिन गलत व्यक्ति का चयन उससे भी बड़ा अपराध है क्योंकि गलत रूप से राजकीय सेवा में आया व्यक्ति अगले 30-35 साल तक जन हित के विरुद्ध कार्य करेगा। भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया 4-5 दिन चलती है। उसके माध्यम से सेना के अधिकारी में किस प्रकार के गुण चाहियें, उसका आकलन बहुत बड़ी सीमा तक सही हो पाता है। इससे सीख लेकर अन्य सेवाओं में भर्ती की प्रक्रिया निर्धारित की जा सकती है।

**हमारी चयन की सारी प्रणाली इतनी अधिक दोषपूर्ण हो चुकी है कि इस पर एक बार पुनर्विचार अत्यंत आवश्यक है। विदेशी विश्वविद्यालयों, बिट्स, पिलानी जैसे अनेक स्थानों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन परीक्षा होती है जिसमें बैठने के लिए विद्यार्थी अपनी सुविधानुसार तिथि और समय चुन सकता है। प्रश्नपत्र स्वयं डाउनलोड करता है। ऐसी परीक्षा प्रणाली में पेपर लीक की संभावना स्वतः समाप्त हो जाती है। एन टी ए आदि संस्थाएँ इनसे कोई सीख क्यों नहीं लेतीं?**

इस प्रकार की बढ़ती प्रक्रिया में कोई भी कोचिंग कुछ काम की नहीं रहेगी और सभी कोचिंग संस्थान महत्वहीन हो जाएंगे इसके फल स्वरुप कोई अभ्यार्थी ग्रामीण निर्धन परिवार का है अथवा शहर के सम्राट परिवार का है, दोनों के चयन के समान अवसर रहेंगे। वर्तमान समय में जो परिवार कोचिंग का बहुत अधिक भार नहीं वहन कर पाता वह एक प्रकार से प्रतियोगिता से बाहर ही हो जाता है।

किसी व्यक्ति को किसी भी विषय विशेष की जानकारी का सम्बंध उसके काम से नहीं हो तो उसे चयन का आधार बनाने से कोई लाभ नहीं है। हमने यह कई बार देखा है कि कई परीक्षाओं में टॉप करने वाले विद्यार्थी नितांत असफल प्रशासक सिद्ध होते हैं।

तकनीकी और उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश परीक्षाओं में भी पूर्ण बदलाव की आवश्यकता है। लाखों विद्यार्थीयों में से कुछ हज़ारों का चयन केवल 3 घंटे के मल्टीपल चोइस क्वेश्चन (एम सी क्यू) प्रश्नपत्र के आधार पर न केवल नितांत अनुचित है, यह तरीका गरीब छात्रों के चयन की संभावना ही समाप्त कर देता है, क्योंकि इसमें सफलता वही प्राप्त कर सकते हैं जो लाखों रुपये कोचिंग पर खर्च कर सकें। इस रकम का इंतजाम करने में गरीब घरों के खेत और माँ के गहने तक रखने पड़ जाते हैं। भर्ती परीक्षा में विषय की जानकारी के साथ अच्छे शिक्षक, डॉक्टर, इंजिनीयर के लिए आवश्यक चारित्रिक गुणों की पहचान करने का भी प्रयास होना चाहिए।

इन परीक्षाओं में सफल होने के लिए और अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए कोचिंग संस्थानों द्वारा इस प्रकार का माहौल बना दिया गया है कि बिना कोचिंग किए हुए इनमें सफल होना संभव ही नहीं है। इसका अर्थ यह हुआ कि न केवल हम गलत चयन करेंगे अपितु शिक्षण संस्थानों सेवाओं में ग्रामीण, निर्धन परिवारों के या साधारण विद्यालय से पढ़ने वाले विद्यार्थियो के चयन के मार्ग लगभग बंद कर देंगे। यही कारण है कि हम राजकीय सेवाओं की गुणवत्ता को बिल्कुल नहीं बनाए रख पा रहे हैं। एक समय था जब सरकारी विद्यालय से निकले हुए छात्र बड़ी संख्या में सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती हो जाते थे, क्योंकि तब कोचिंग माफिया विकसित नहीं हुआ था। यदि हम देश को अच्छी प्रशासनिक व्यवस्था प्रदान करना चाहते हैं तो उसके लिए हमें पूरी चयन पद्धति को ही उपरोक्त अनुसार बदलना होगा।

लगभग इसी प्रकार की स्थिति उच्च शिक्षण संस्थान और अच्छे तकनीकी संस्थानों में प्रवेश के लिए है। शायद ही कोई ऐसा विद्यार्थी होगा जो किसी न किसी कोचिंग संस्थान में कोचिंग लिए बिना आईआईटी या किसी तकनीकी शिक्षा के लिए अच्छे संस्थान में प्रवेश हेतु परीक्षा में सफल हो सके। यही स्थिति मेडिकल कॉलेज में प्रवेश पाने के लिए प्रवेश परीक्षा नीट की बन चुकी है। इस प्रकार की व्यवस्था के कारण आजकल सामान्य विद्यालयों और महाविद्यालय की पढ़ाई महत्वहीन हो कर रह गई है। विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की गैर शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के अवसर से वंचित कर दिया गया है। जब 10-20 लाख विद्यार्थी किसी 3 घंटे की परीक्षा में बैठकर अपनी पात्रता इंजीनियरिंग महाविद्यालय अथवा मेडिकल विद्यालय में प्रवेश हेतु सिद्ध करेंगे तो इसमें बेईमानी एवं भ्रष्टाचार होना अवश्यंभावी है। यह भी उल्लेखनीय है कि सरकारी मेडिकल कॉलेज में वार्षिक फीस लगभग 10000 रुपए महीने है, वहीं निजी मेडिकल कॉलेज के लिए यही लगभग 20 लाख रुपये है। फीस में इतना अधिक अंतर होने के कारण ही कोई भी व्यक्ति जैसे-तैसे जुगाड़ करके 10-20 लाख रुपए किसी भी दलाल के माध्यम से देकर परीक्षा में अच्छी रैंक सुनिश्चित करना चाहता है, ताकि वह सरकारी कॉलेज में प्रवेश ले सके।

जो विद्यार्थी एक-सवा करोड़ देकर एमबीबीएस की परीक्षा पास करेगा और फिर बाद में दो -ढाई करोड़ व्यय करके एमडी, एमएस की परीक्षा पास करेगा, तो वह भला क्यों सरकारी नौकरी करके गरीबों की सेवा करने की सोचेगा? उसका पहला काम तो यही होगा कि वह पढ़ाई पूरी करते ही, सबसे पहले पढ़ाई पर खर्च किया गया पूरा पैसा सूद समेत मरीजों से वसूल करे। इस सबकी भरपाई गरीबों से ही तो होनी है। हमारी मेडिकल शिक्षा व्यवस्था, एक तरह से 'अमीरों की, अमीरों के द्वारा, अमीरों के लिए' बन कर रह गई है। क्या हम ऐसा ही समाज चाहते हैं जिसमें 10 प्रतिशत देशवासी सारी सुविधाओं का भोग करें और शेष न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं प्राप्त करने से भी वंचित रहें?


हमारी चयन की सारी प्रणाली इतनी अधिक दोषपूर्ण हो चुकी है कि इस पर एक बार पुनर्विचार अत्यंत आवश्यक है। विदेशी विश्वविद्यालयों, बिट्स, पिलानी जैसे अनेक स्थानों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन परीक्षा होती है जिसमें बैठने के लिए विद्यार्थी अपनी सुविधानुसार तिथि और समय चुन सकता है। प्रश्नपत्र स्वयं डाउनलोड करता है। ऐसी परीक्षा प्रणाली में पेपर लीक की संभावना स्वतः समाप्त हो जाती है। एन टी ए आदि संस्थाएँ इनसे कोई सीख क्यों नहीं लेतीं?

क्या सरकार अपनी हर स्तर की सेवा में संवेदनशील, ईमानदार, विश्लेषण करने की क्षमता रखने वाले अधिकारी वास्तव में चाहती है या नहीं? देश में विशेषज्ञों की कमी नहीं है। बस, आवश्यकता केवल इस तथ्य को स्वीकार करने की है कि हमें विभिन्न स्तरों पर चयन की वर्तमान प्रक्रिया को बिल्कुल बदलने की आवश्यकता है, ताकि किसी भी व्यक्ति के गुण एवं कौशल का मिलान संबंधित पद के लिए वांछित गुणों से हो सके। ऐसा होने पर ही अभ्यर्थी अपनी पसंद के अनुसार जीवन को बना सकेंगे और उसका पूरा लाभ भी समाज को मिल सकेगा।

यह सब चयन प्रक्रिया में आमूल चूल परिवर्तन के बिना सम्भव नहीं है। बस, केवल दृढ़ इच्छा शक्ति चाहिए क्योंकि हजारों करोड़ का कोचिंग माफिया इसका भारी विरोध करेगा। क्या नीति निर्धारकों में ऐसी इच्छा शक्ति है? इसका उत्तर तो भविष्य के गर्भ में है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# आपातकाल कालखंड का काला अध्याय



मिश्रीलाल पंवार

राजस्थान सरकार द्वारा मंगलवार, 25 जून को लोकतंत्र सेनानियों का राज्य स्तरीय सम्मान समारोह आयोजन किया रहा है। यह समारोह मुख्यमंत्री निवास, 8, सिविल लाइन्स, जयपुर में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह को लेकर प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों में भारी उत्साह छाया हुआ है। पूरे राजस्थान के लोकतंत्र सेनानी बड़ी संख्या में समारोह में भाग लेने जयपुर पहुंचेगे।

25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि में भारत आपातकाल की पीड़ा को झेला था। तत्कालीन राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की अनुच्छेद 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था। देश में आंतरिक गड़बड़ी की आशंका का बहाना बना कर आपातकाल घोषित करने का देश में ज़ोरदार विरोध हुआ था। इस दौरान नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर प्रतिबंध के साथ-साथ प्रेस पर भी सेंसरशिप लगा दी गई थी। इस घटना को भारत में लोकतंत्र के इतिहास के सबसे काले दिनों में से एक माना जाता है। भारत में राष्ट्रीय आपातकाल 3 बार घोषित किया गया है - 1962 (चीन युद्ध), 1971 (पाकिस्तान युद्ध) और 1975 (आंतरिक अशांति)। राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा तब की जा सकती है जब उन्हें आंतरिक और बाहरी स्त्रोतों से या संकट की वित्तीय स्थितियों से राष्ट्र को खतरा महसूस होता है। मगर तीसरा आपात काल तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हठधर्मिता की परिणति के कारण लगाया गया था। इस कालखंड में श्रीमती इंदिरा गांधी के अधिकांश राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाल दिया गया था और प्रेस को सेंसर कर दिया गया था।

दरअसल राजनारायण ने 1971 में रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से इंदिरा गांधी के हाथों शिकस्त झेलने के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी को लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए गलत तौर-तरीके अपनाने का दोषी पाया और उनका चुनाव 6 साल के लिए रद्द कर दिया। हालांकि, इंदिरा गांधी ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की। शीर्ष अदालत ने 24 जून 1975 को हाईकोर्ट के आदेश को तो बरकरार रखा, लेकिन उन्हें प्रधानमंत्री पद पर बने रहने की इजाजत दे दी। इन्दिरा गांधी के कहने पर राष्ट्रपति ने दूसरे ही दिन इमरजेंसी लागू कर दी। इससे देश के जनमानस का आक्रोश उमड़ पड़ा। सरकार के फैसले का विरोध करने वालों को गिरफ्तार कर लिया गया था। बताया जाता है कि उस दौरान करीब 1 लाख लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान देश अशांति की आग में झुलसता रहा।

करीब दो साल इंदिरा गांधी अपने विरोधियों को कुचलने में लगी रही। मगर विरोध की लहर तेज होती रही। आखिर एक दिन लोकसभा को भंग कर नए सिरे से चुनाव कराने की सिफारिश कर दी। हालांकि, यह फैसला उनकी पार्टी और उनके लिए घातक साबित हुआ। खुद इंदिरा को रायबरेली संसदीय क्षेत्र से हार का सामना करना पड़ा।

जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में आई और मोरारजी देसाई देश के प्रधानमंत्री बने। वहीं, संसद में कांग्रेस सदस्यों की संख्या 50 से घटकर 153 हो गई। भारतीय राजनीति का यह महत्वपूर्ण समय था, क्योंकि 30 साल बाद देश में कोई गैर कांग्रेसी सरकार बनी थी। जो लोग इमरजेंसी के दौरान जेलों में ठूंस दिए गए, वहीं क्रान्तिकारी बाद में लोकतंत्र सेनानियों के रुप में पहचाने जाने लगे। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने अपने शासनकाल में लोकतंत्र सेनानियों के लिए मासिक पैंशन देने की शुरुआत की थी। गत कांग्रेस सरकार के सत्ता में आते ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बदले की भावना से इनकी पैंशन बन्द कर दी। इस बार पुनः भाजपा की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री भजनलाल ने लोकतंत्र सेनानियों की पैंशन शुरू करने का कार्य सबसे पहले किया।

गौरतलब है कि लोकतंत्र सेनानियों के संगठनों द्वारा हर वर्ष 25 जून को काला दिवस मनाया जाता है। इस बार यह समारोह मुख्यमंत्री के आवास पर मनाया जा रहा है। इसमें प्रदेश भर के लोकतंत्र सैनानियों को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर प्रमुख लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा।

लोकतंत्र रक्षा मंच के प्रांतीय महामंत्री देवराज बोहरा ने बताया कि आपातकाल के लगते ही लोगों पर ज़ुल्म होने शुरू हो गए। इससे जोधपुर भी अछूता नहीं रहा। मेरे पिताजी हीराचंद बोहरा भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे। इसलिए मेरे पिता हीराचंद बोहरा को पुलिस मीसा में गिरफ्तार करने घर पहुंची लेकिन नाकाम रही। उस समय मेरे पास भारतीय जनसंघ युवा मोर्चा के प्रदेश का दायित्व था। इसलिए पुलिस से बचने के लिए मुझे भी घर से गायब होना पड़ा। इससे बाद पुलिस ने घरवालों को परेशान करना शुरू कर दिया। पुलिस ने तलाशी के बहाने परिवार के लोगों को प्रताडित करने लगे। उसी दौरान मेरे भाईयों को पुखराज व निर्मल को घसीटते हुए पुलिस थाने ले गई ओर उन्हे 15 दिनो तक प्रताडित किया। उनसे एक ही सवाल पूछा जाता कि आंदोलन से जुड़े पत्रक साइक्लोस्टाइल कहां होते है और तुम्हारे पिता और भाई इस वक्त कहां है। हम गुपचुप आन्दोलन कर लोगों को जागरूक करने में लगे रहे। आखिर एक दिन कटलाबाजार में देशभक्ति के नारे लगाने पर गिरफ्तार कर मारपीट के बाद सेन्ट्रल जेल भेज दिया गया। पिताजी के भूमिगत होने के कारण पुलिस ने घर की कुर्क करने नोटिस चिपका दिए। तब पिताजी जिला कलक्टर के समक्ष पेश हुए और उन्हें मीसा मेन्टीनेन्स आफ सिक्योरिटि एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। 20 माह तक जेलों में हमें यातनाएं दी जाती रही।

बोहरा ने बताया आपातकाल लागू होने के विरोध में हुए देशव्यापी सत्याग्रह के तहत जोधपुर में कुल 33 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें राजेन्द्र गहलोत, रामनारायण विश्नोई, कर्नल मेघसिंह, रेवाचंद, दामोदर बंग, प्रो. शारदा शरणसिंह, आचार्य गिर्राजकिशोर, गुमानमल लोढ़ा, विज्ञान मोदी, ब्रह्मदेव बोड़ा, देवराज बोहरा, मोहम्मद अली, कांतिलाल जसमतिया, रणछोड़दास गट्टानी, कानराज मोहनोत आदि भी शामिल थे। आपातकाल हटाने के बाद जोधपुर जेल में बंद मीसा बंदियों को रिहा किया गया। बोहरा ने बताया कि आपातकाल के कालखंड को याद करके आज भी दिल दहल जाता है।

लोकतंत्र सेनानी कानराज मोहनोत ने अपनी व्यथा प्रकट करते बताया कि आपातकाल लागू होने की रात्रि के समय पकड़कर मुझे और मेरे भाई मानराज को जेल में डाल दिया गया। जेल में रहने के दौरान मेरी बहन की शादी थी तो जेल की दीवार फांद कर फरार होने में कामयाब रहा। बहन की शादी में बीरा सेवरा देने पहुंचना आवश्यक था। हालांकि विवाह पूर्ण होने के बाद जैसे-तैसे फिर से जेल में प्रवेश होने में भी सफल रहा। जैन चातुर्मास होने के कारण पयुर्षण पर्व रहने पर उपवास भी किए।

लोकतंत्र सैनानी जुगत तापड़िया ने बताया आपातकाल के समय मेरी उम्र मात्र सोलह वर्ष ही थी। मुझे अगस्त में मीसा एक्ट के तहत गिरफ्तार लिया गया था। जोधपुर में जेल में करीब 18 माह तक मुझे प्रो. शारदा शरणसिंह, प्रो. केदार, हीराचंद बोहरा, राजेन्द्र गहलोत, हीराचंद बोहरा, शंकरराज लोढ़ा, पूर्व मुख्यमंत्री हरिशंकर भाभड़ा सहित कई दिग्गज लोगों के साथ रहने का सौभाग्य मिला।

**-मिश्रीलाल पंवार, जोधपुर**

# लू लगना ( हीट वेव या सन स्ट्रोक ), बचाव, उपाय, रोकथाम व चिकित्सा



प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना

जैसा कि वर्तमान में सर्व विदित है कि आजकल राजस्थान व पूरे देश-विदेश में गर्मी व सूर्य देव का प्रचंड प्रहार जनता झेल रही है, त्रस्त है व लू का प्रकोप, असर ठंडे व पहाड़ी क्षेत्र में भी अच्छी तरह यत्र-तत्र व सर्वत्र परिलक्षित हो रहा है।

स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर, जयपुर में वरिष्ठ होम्योपैथ व आचार्य, प्रोफेसर डॉ. राजीव सक्सेना ने लू लगने के कारण, निवारण, उपाय, बचाव तथा रोकथाम आदि के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की।

**कारण व लक्षण :-** शरीर में पानी की कमी होना या अत्यधिक गर्मी से निर्जलीकरण होने लग जाता है जो शरीर के आंतरिक अंगो को भी प्रभावित करता है, पसीना आना पूर्णतया बंद हो जाता है। वातावरण में आजकल गर्मी व सूर्य का तापमान 43 से 47 डिग्री सेल्सियस के आसपास व इसके उपर चल रहा है। फलस्वरूप शरीर में बांयटे आने लगते हैं, पेट में एंठन, उलटी – दस्त, सिर दर्द व बदन गर्म होना, काफी तेज ज्वर, पूरे शरीर में दर्द, चेहरे का लाल होना, रेशेज उत्पन्न होना, शरीर में भयंकर कमजोरी आना तथा पिड़ित रोगी बेहोशी की हालत में लसत-पस्त हो सकता है। इसमें शरीर का इम्यून तन्त्र बिगड़ जाता है व शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है व मरीज की मृत्यु तक हो सकती है।

**बचाव, उपाय व रोकथाम :-** यथा संभव तेज धूप में ना निकलें व जाना जरूरी हो तो बदन को पूर्णतया सफेद, पीले या हल्के रंग के वस्त्रों से ढककर निकलें। छाता लेकर चलें। तेल, घी, चिकनाई युक्त भोजन, तला भुना व चटपटा व खट्टा खाने से बचें। बाजार की वातावरण में खुली चीजें नहीं खायें। छोटे बच्चे, वृद्ध, रक्तचाप व शर्करा रोगियों को अपना विशेष ध्यान रखना चाहिए। थोड़ी – 2 देर बाद भरपूर मात्रा में सादा या मटकी का पानी पियें ना कि फ्रिज का। छाछ, केरी का पना, नमक चीनी का घोल, सततू, नमकीन शिकंजी, नारियल का पानी, बील का शर्बत, ठंडाई दही, छाछ व ग्लूकोज़ आदि का सेवन करें। खाली पेट घर से नहीं निकलें। सवेरे – 2, हल्का व्यायाम व योग करें। उचित हल्का व मोटा अनाज खाने में लाएं जैसे खिचड़ी, दलिया, मूंग की दाल व रागी आदि का सेवन करें।

**इलाज :–** लू के रोगी को तुरंत ठंडी जगह पर लाएं, वस्त्र ढीले करें, शरीर पर तुरंत ठंडी पट्टियां रखें, ठंडी हवा, कूलर, पंखे ए. सी. आदि उपलब्ध करवायें। मरीज को आराम नहीं आता है तो तुरंत पास के योग्य चिकित्सक या अस्पताल में ले जाएं।

**होम्योपैथिक चिकित्सा/इलाज :-**

होम्योपैथिक में कयी दवाइयां हैं जो रोगी को लक्षणों के आधार पर दी जाती हैं, जैसे :–बेलेडोना, ग्लोनाइन, नेटरम कार्ब, फेरम फॉस, वेरेटरम विरिड, स्ट्रामोनियम, फाइव फॉस, नक्स वोमिका व ऑपियम आदि – आदि। मगर इनको सुयोग्य चिकित्सक की देख रेख में ही लेना चाहिए क्योंकि दवा की शक्ति, उसका प्रयोग व बारंबार डॉज लेने के बारे में उचित व पंजीकृत, योग्य होम्योपैथिक चिकित्सक ही सही – 2 बता पाएगा।

**–प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना,**
**वरिष्ठ होम्योपैथ व आचार्य,**
**स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर, जयपुर**

# "तरू अजमेर" से होगी पौधारोपण की मॉनिटरिंग

## कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने "तरू अजमेर पोर्टल" का शुभारम्भ किया

**अजमेर,** (कासं)। जिला प्रशासन द्वारा मानसून के दौरान विकसित विभिन्न पौधारोपण स्थलों की मॉनिटरिंग के लिए तरू अजमेर पोर्टल का नवाचार किया है। इसका शुभारम्भ सोमवार को जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने किया।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक खन्ना ने बताया कि अजमेर की हरितिमा में वृद्धि के लिए जनभागीदारी के साथ जिला प्रशासन द्वारा मानसून के दौरान बड़े स्तर पर लगभग 10 लाख पौधों का पौधारोपण किया जाएगा। इस दौरान विकसित पौधारोपण स्थलों की जीयोटेगिंग के साथ मॉनिटरिंग करने के लिए नवाचार किया गया है। प्रशासन ने तरू अजमेर पोर्टल तैयार किया है।

इसका शुभारम्भ जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित द्वारा किया गया है। तरू पेड़ का पर्यायवाची शब्द है। तरू (ट्री एक्रॉस रूरल एण्ड अर्बन) अजमेर जिले की समस्त प्लांटेसन साईट की मोनिटरिंग करेगा।

उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सघन वृक्षारोपण कर अजमेर जिले के हरित आवरण को बढ़ाना है। अजमेर जिले के सभी अधिकारियों, उद्योगपतियों, व्यापारियों, कर्मचारियों, नागरिकों, विद्यार्थियों एवं अन्य सभी से जल और वृक्ष की महत्ता को जानना चाहिए। जल संरक्षण करते हुए पौधों को पालने का संकल्प लें, ताकि वे बड़े वृक्षों में बदल जाए।

उन्होंने बताया कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। वे न केवल ऑक्सीजन का स्रोत हैं, बल्कि हमारे वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाते हैं। जिला परिषद, अजमेर से जुड़े सभी जनप्रतिनिधि सरपंच, वार्ड पंच एवं सभी आमजन वृक्षारोपण में अजमेर को एक नई पहचान देंगे।

**■ जिला प्रशासन द्वारा मानसून के दौरान विकसित विभिन्न पौधारोपण स्थलों की मॉनिटरिंग के लिए तरू अजमेर पोर्टल का नवाचार किया गया है**

इस पोर्टल से सभी सरकारी विभाग प्राइवेट एनजीओ एवं आम नागरिक भी स्वयं पंजीकरण करके वृक्षारोपण की अपनी साइट चुन सकते हैं और फोटो अपलोड कर सकते है। पोर्टल पर जिले की नर्सरियों तथा वहां उपलब्ध पौधों की किस्म और संख्या के साथ-साथ उनकी कीमत की जानकारी भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि पोर्टल को निर्मित करने में राजकीय अभियंत्रिक महाविद्यालय के सहायक आचार्य सत्यनारायण ताजी के साथ छात्र जातिन सोनी, धर्मवीर तुनवाल व हर्ष पांडे का भी उल्लेखनीय योगदान रहा है।

उन्होंने बताया कि इस पोर्टल से सभी सरकारी विभाग, प्राइवेट संस्थान, एनजीओ, उद्यमी, एसोशिएशन एवं आम नागरिक भी स्वयं पंजीकरण करके अपनी पौधारोपण साइट चुन सकते हैं और फोटो अपलोड कर सकते है। जिले के समस्त राजकीय कार्यालयों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ग्राम स्तर तक के कार्यालयों एवं संस्थानों के द्वारा विकसित की गई पौधारोपण साईट की मोनिटरिंग होगी। ग्राम पंचायत, विद्यालय से लेकर बडे कार्यालयों द्वारा पौधारोपण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति अपने नाम एवं मोबाईल नम्बर के साथ पंजीयन कर सकता है। पंजीयन के समय व्यक्ति को अपना यूजर आईडी एवं पासवर्ड स्वयं अपनी सुविधा के अनुसार फीड करना होगा। इसमें व्यक्ति अपने अथवा समूह द्वारा विकसित पौधारोपण साईट की जानकारी अपलोड कर सकता है। नर्सरी की लोकेशन भी डाली जाएगी। सीएसआर के माध्यम से सहयोग करने वाले व्यक्ति एवं संस्थाएं भी अपना पंजीयन करवा सकते है। जनभागीदारी एवं सीएसआर के लिए जिला कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित द्वारा बैठक भी ली गई।

## राशिफल मंगलवार 25 जून, 2024



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, चतुरथी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, श्रवण नक्षत्र दिन 2:33 तक, वैधृति योग प्रातः 9:05 तक, बव करण दिन 12:18 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 1:49 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मकर, मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरू-वृष, शुक्र-मिथुन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज बुध उदय पश्चिम में रात्रि 4:11 पर होगा। आज अंगारक चतुरथी व्रत है। चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 10:31 पर होगा। आज वैधृति पुण्य है। पंचक रात्रि 1:49 से आरम्भ होंगे।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:03 से 10:46 तक, लाभ-अमृत 10:46 से 2:12 तक, शुभ 3:54 से 5:37 तक।


**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 5:38, सूर्यास्त 7:20




### मेष
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।



### वृष
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।



### मिथुन
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यावसायिक खर्चों में वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।




### कर्क
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।




### सिंह
नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।



### कन्या
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### तुला
पारिवारिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक संदेश प्राप्त हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### वृश्चिक
परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।




### धनु
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। नवीन व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।



### मकर
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक विवादों का निपटारा हो सकता है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा।



### कुंभ
स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। मन में असंतोष और भय बना रहेगा। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।



### मीन
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# बांडी नदी में मिले पशुओं के अवशेष के विरोध में प्रदर्शन

**पाली,** (नि.सं.)। पाली शहर के बजरंग बाड़ी से हैदर कॉलोनी आने वाले आम रास्ते बांडी नदी के पास गत 20-6-24 को गाय के सिर व अन्य अवशेष सार्वजनिक स्थल पर पड़े होने की सूचना पर विवाद उत्पन्न हुआ तथा विवाद के चलते पुलिस द्वारा उन अवशेषों को सार्वजनिक जगह पर डालने वालों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं कर उल्टा हिंदू समाज के लोगों के ऊपर ही लाठी चार्ज कर दियीं आज तक दोषी लोगों के खिलाफ कोई कठोर ठोस कार्यवाही नहीं हुई.जिस से हिंदू समाज आहत हुआ है, इसके विरोध में सोमवार को विवेकानंद सर्किल पर सुबह 10:00 बजे सर्व हिंदूवादी संगठन एकत्रित होकर संत सुरजनदास के नेतृत्व में सैकड़ो लोग केसरिया ध्वज लहराते रैली के रूप में हत्यारीं को फांसी दो. गोवध बंद हो जैसे नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां जमकर नारे बाजी की और विरोध प्रदर्शन किया जिसमें काफी संख्या में महिला भी मौजूद रहीं,वही मुख्यमंत्री का नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।



पाली में सर्व हिंदूवादी संगठन एकत्रित होकर संत सुरजनदास के नेतृत्व में एकत्रित होकर रोष जताया। फोटो-राष्ट्रदूत

बांडी नदी जैसे आम रास्ते पर जहां रोजाना हजारों लोगों आवाजाही रहती है वह सार्वजनिक स्थान पर पशुओं के सिर के कंकाल अन्य अवशेष डालने से सर्व हिंदू समाज पाली लोगों की भावनाएं आहत हुई है। मौके पर मिले पशु की शीघ्र फॉरेंसिक जांच करवाई जावे। बताया कि उच्चतम न्यायालय ने 2017 में फैसला सुनाया था कि जानवरों को केवल अधिकारी के रूप से लाइसेंस प्राप्त बुचड़खानों में ही मारा जा सकता है तथा नगर परिषद या नगर निगम को उच्च आदेश की पालना सुनिश्चित करवानी हेतु आदेश दिया गया था। पालना किसी भी रूप में नहीं की जा रही है। पाली शहर में ही बिना लाइसेंस की अवैध रूप से बूचडखानों चलाए जा रहे हैं। कुछ बूचडखानों बिना लाइसेंस के चलाए जा रहे हैं। बूचडखानों को चिन्हित किया जाकर उन्हें तुरंत प्रभाव से बंद करवाया जाए। आवश्यक बूचडखानों की लाइसेंस की भी लिस्ट सार्वजनिक की जाए, जिससे अन्य अवैध बूचडखानों जो चल रहे हैं की उसकी जानकारी हर आम आदमी तक रहे।

सात ही प्रतिलिपि गृहमंत्री राजस्थान सरकार, संभागीय आयुक्त पाली, डी. आई.जी.पुलिस विभाग पाली, जिला कलेक्टर पाली, जिला पुलिस अधीक्षक पाली के नाम भी रही। इस मौके पर साथी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजंरग दल, शिवसेना उदय ठ्ठुप, गौपुत्र सेना, करनी सेना, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,शिव सेना सिंदे ठ्ठुप, भाजपा युवा मोर्चा, आर्य वीर दल,महाराणा प्रताप कमांडो फोर्स,सुरभि गो सेवा संस्थान आदि से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## ट्रेनिंग के बााद दो चरणों में मिलेगा 3 लाख का ऋण

**जालोर,** (कासं)। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभ के लिए आवेदक पीएम विश्वकर्मा पोर्टल व पीएम विश्वकर्मा मोबाईल एप पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना/विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसे पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों (विश्वकर्मा) के हुनर का सम्मान करने तथा उनके उत्पादों और सेवाओ को बढ़ाने के लिए सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। इस योजना के तहत, कारीगरों और शिल्पकारों को 'विश्वकर्मा' के रूप में मान्यता दी जाएगी। इस योजनान्तर्गत आवेदकों को बेसिक और एडवांस ट्रेनिंग व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों/ट्रेनिंग सेन्टरों पर दी जायेगी तथा 5-7 दिन की बेसिक ट्रेनिंग पूरी करने के बाद आवेदकों को प्रतिदिन 500 रू. का ट्रेनिंग स्टाइपेंड आधार से लिंक अकाउंट में डीबीटी से जमा किया जायेगा तथा योजना के तहत ट्रेनिंग लेने वाले लाभार्थियों को औद्योगिक उपकरण टूलकिट खरीदने के लिए 15 हजार रूपये तक आर्थिक सहायता दी जायेगी। बेसिक ट्रेनिंग के उपरांत 5 प्रतिशत की दर से लाभार्थियों को पहले चरण में 1 लाख रू. का ऋण 18 महीने की भुगतान अवधि के आधार पर प्रदान किया जायेगा तथा प्रथम चरण में प्राप्त ऋण राशि का भुगतान करने पर द्वितीय चरण में 2 लाख रूपये का ऋण 30 महीने की भुगतान अवधि होगी।

# जे.डी.ए. के दस्ते ने अतिक्रमणों पर कार्रवाई की



जोधपुर विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर कार्रवाई की।

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने नियमित रूप से अवैध कॉलोनियों, सडक मार्गाधिकार के अतिक्रमणों, अवैध निर्माणों एवं अन्य अतिक्रमणों पर कार्यवाही की जा रही है। जेडीए दस्ते ने सोमवार को सारण नगर सी रोड तीर तेजाजी ब्रिज से नान्दडी फांटा होते हुए खोखरिया फांटा तक सडक मार्गाधिकार में आने वाले अतिक्रमणों पर कार्यवाही कर अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया। प्राधिकरण सचिव डॉ. हरीतिमा एवं मुख्य नियंत्रक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनिता के निर्देशानुसार जेडीए दस्ते द्वारा सोमवार को सारण नगर सी रोड तीर तेजाजी ब्रिज से नान्दडी फांटा होते हुए खोखरिया फांटा तक मौका निरीक्षण के दौरान मुख्य सडक भाग के दोनों तरफ एवं फुटपाथ पर निर्मित छप्परें, साईन बोर्ड, सब्जियों की अस्थायी दुकानें, दुकानों के आगे रखा सामान, चाय स्टेण्ड, लोहे की फ्रेमें, केबिन, तिरपाल, ठेला, पत्थर के स्टेण्ड व चबूतरियां, सिरकियों के छप्परें इत्यादि से अनाधिकृत रूप से अस्थायी अतिक्रमण किए हुए पाए गए। दस्ते द्वारा जेसीबी एवं 2 टैऊक्टर की सहायता से उक्त अवैध अनाधिकृत अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया जाकर सडक मार्गाधिकार को अतिक्रमण मुक्त कर आवागमन हेतु सुचारू किया गया।

दस्तेने उपस्थित दुकानदारों व संचालकों को सख्त हिदायत दी कि अतिक्रमण मुक्त सडक मार्ग में किसी प्रकार से पुनः अवैध निर्माण अथवा अतिक्रमण नहीं करें, अन्यथा प्राधिकरण की सख्त कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत, प्रवर्तन निरीक्षक अनिल शर्मा मय अतिक्रमण दस्ते मौजूद रहे।

## संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

**जोधपुर,** (कासं) । संभागीय आयुक्त बी एल मेहरा की अध्यक्षता में सोमवार को पेयजल, विद्युत, मौसमी बीमारियों एवं जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति के संबंध में बैठक आयोजित हुई।

संभागीय आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर, आमजन के हित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये। बी एल मेहरा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को शिव और चंदन में जीएसएस के लंबित कार्यों को शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश दिये । श्री मेहरा ने आगामी आँधी तूफ़ान एवं बरसात में विद्युत की सुदृढ व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिये । उन्होंने पूरे संभाग में पुराने बिजली के तारों को तुरंत प्रभाव से प्रतिस्थापित किए जाने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान संभागीय आयुक्त ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को पेयजल के अवैध कनेक्शनों के विरूद्ध कार्यवाही को जारी रखे जाने के निर्देश दिये । उन्होंने संभाग में संचालित जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्वक एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिये । संभागीय आयुक्त श्री मेहरा ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को संभाग में संचालित गौशालाओं में पर्याप्त छाया, पानी, चारा एवं दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये ।

# बुजुर्ग ने पेड़ पर फंदा लगाकर जान दी

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर के लोहावट में शरारती लोगों की छेड़छाड़ तथा फब्तियां कसने से दुखी बुजुर्ग ने परेशान होकर रविवार रात में कई लोगों के सामने पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। बाड़मेर के चौहटन थाना इलाके में रहने वाले बुजुर्ग प्रतापराम (53) लोहावट में कबाड़ी का काम करते थे।

कुछ दिन पहले एक युवक ने जापानी युवती के साथ मिलकर बुजुर्ग का वीडियो बनाया और इंस्टाग्राम पर डाल दिया। कैप्शन लिखा-भंगार लेवणो है कांई। बुजुर्ग का यह वीडियो तेजी से शेयर हुआ। इसके बाद स्थानीय लोग और युवक बुजुर्ग को भंगार लेवणो है कांई कहकर चिढ़ाने लगे। रविवार को कुछ लोग वीडियो को लेकर प्रतापराम को चिढ़ा रहे थे। बुजुर्ग ने इन लोगों को लताड़ा और उनके पीछे दौड़े। इसके बावजूद लोग उन्हें परेशान करते रहे। इससे प्रताड़ित प्रतापराम ने लोहावट में फलोदी स्टेट हाईवे के पास ठेला छोड़ दिया और पेड़ पर चढ़कर लोगों की मौजूदगी में फंदा लगाकर जान दे दी। जैसे ही बुजुर्ग ने फंदा लगाया तो वहां मौजूद लोग उन्हें बचाने की बजाय घबराकर भाग छूटे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस दिल दहला देने वाली घटना से पहले जब बुजुर्ग पेड़ पर चढ़कर फंदा लगाने की तैयारी कर रहे थे। तब भी कुछ युवक बुजुर्ग को परेशान कर रहे थे और उन्हें चिढ़ा रहे थे। फंदा लगाने के दौरान बुजुर्ग कह रहे थे कि अब ले लेना मजे और इसके बाद फंदे पर लटक गए। देखते ही देखते बुजुर्ग की मौत हो गई। शरारत करने वाले घबराकर भाग छूटे। घटना की जानकारी मिलने के बाद लोहावट पुलिस मौके पर पहुंची और बुजुर्ग का शव नीचे उतारा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दो-तीन महीने पहले जापानी पर्यटक और यूट्यूबर मेगुमि मारवाड़ घूमने आई थी। तब उन्होंने अपने साथियों के साथ तेज गर्मी में ठेला चला रहे बुजुर्ग प्रतापराम को मदद के लिए कहा था। इस दौरान बुजुर्ग ने मदद लेने के बजाय उन्हें कहा था कि आपको क्या करना है? भंगार लेना है क्या? मेगुमि व उसके साथियों और बुजुर्ग के बीच इस बातचीत का वीडियो बनाकर स्थानीय व्लॉगर शिवम लखारा ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया था। मेगुमि कैमल हेयर कटिंग आर्टिस्ट हैं। कपड़ों पर ब्लॉक प्रिंटिंग भी करती हैं। वह हिंदी-मारवाड़ी भी बोल सकती हैं। उनके वीडियो ट्रेंड में रहते हैं।

लोहावट थाना के एसएचओ शैतानराम ने बताया कि रविवार की देर रात हमें सूचना मिली थी कि एक बुजुर्ग पेड़ पर फंदे से लटके हुए हैं। हम मौके पर पहुंचे और कुछ स्थानीय लोगों की मदद से शव को नीचे उतारा गया। चौहटन के रहने वाले प्रतापराम पिछले 6-7 साल से अपने घर से दूर खानाबदोश की तरह रह रहे थे और भंगार का काम करते थे। उनके 2 बेटे और 2 बेटियां हैं। सभी शादीशुदा हैं। उनके दोनों बेटे गुजरात में काम करते हैं। उन्हें घटना की जानकारी दे दी है। सोशल मीडिया वीडियो और उससे चिढ़ाने की बात सामने आई है, इसको लेकर जांच की जा रही है।

## डबल इंजन की सरकार में होगा सभी का विकास: के. के. विश्नोई

**जालोर/सांचोर,** (कासं)। राजस्थान प्रदेश के राज्य मंत्री के. के विश्नोई को जालोर सिरोही एवं सांचौर जिले के जिला प्रभारी मंत्री बनाए जाने के बाद प्रथम बार सांचौर एवं जालोर जिले में आगमन को लेकर, भाजपाईयों ने के. के. विश्नोई का स्वागत किया एवं राज्यमंत्री के. के. बिश्नोई द्वारा जिला स्तरीय बैठक लेकर जनहित में आवश्यक निर्देश दिए।

कार्य म के प्रारंभ में सांचौर पीडब्ल्युडी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कार्य म एवं कार्यकर्ता संवाद कार्य म आयोजित किया गया। जिसके पश्चात सांचौर पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई और फिर जालोर जिले में पहुंचकर कार्यकर्ता से भेंट की। उन्होनें प्रशासन को सख्त निर्देश देकर, आमजन को राहत देना प्रथम कर्तव्य बताया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए के. के. विश्नोई ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की डबल इंजन की सरकार में आमजन के हित में विभिन्न कार्य किये जाएगें, जिसकी शुरूआती झलक सभी को दिखाई देनी शुरू हो चुकी हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने बताया कि के. के. बिश्नोई का सांचौर आगमन स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आमजन के विभिन्न समस्याओं के समाधान का अवसर हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आमजन को राहत देने के लिए प्रशासन एवं सरकार का सहयोग किया जा रहा हैं, जो अनोखी पहल हैं।

इस दौरान राज्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री के. के. बिश्नोई, जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, विधायक जीवाराम चौधरी, पूर्व जिला प्रमुख वन्नेसिंहजी गोहिल, पूर्व प्रधान हनुमान प्रसाद भादू, जिला उपाध्यक्ष महेन्द्रसिंह झाब, जिला मंत्री डॉ. शीला बिश्नोई, जोगाराम पुरोहित, जिला मिडिया संयोजक भावेश सोनी, मंडल अध्यक्ष, अर्जुनसिंह सरवाणा, रामगोपाल बुडिया, शंभुसिंह राव, हंजारीराम पुरोहित, सांवलाराम माली, जितेन्द्रसिंह मरठवा, हुकमाराम जाट, मंडल महामंत्री मांगीलाल दर्जी, विकम ग्वारिया, गजेन्द्रसिंह कारोला, भवानीसिंहजी चौहान, नरसीराम सुथार, सोमदान चारण, प्रवीण माली, जामाराम चौधरी, देवराज चौधरी, अमराराम देवासी, गोविन्द पुरोहित, चौथाराम कोली, चुन्नीलाल खेजडियाली, भीखाराम बिश्नोई, मोडाराम बुनकर, छोगाराम भील, दूर्गाराम बेनीवाल सहित सैकडों आमजन उपस्थित रहे।

# शिकायतों पर संज्ञान लिया

**जोधपुर,** (कासं) । मण्डोर एवं सम्राट अशोक उद्यान के संबंध में प्राप्त हो रही शिकायतों के संबंध में जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा संज्ञान लिया गया है। जोधपुर विकास प्राधिकरण की सचिव डॉ. हरीतिमा ने बताया कि जेडीए द्वारा मंडोर गार्डन में लोन हेज के रखरखाव का कार्य करवाया जाता है जिसके अन्तर्गत दूब घास एवं अन्य पौधो को पानी पिलाने सहित कटिंग इत्यादि कार्य किये जा रहे है। वर्तमान में अत्यधिक गर्मी होने के कारण कुछ स्थान पर दूब घास जलने लगी थी, जिसमें वर्तमान में पानी दिया जा रहा है। जोधपुर विकास प्राधिकरण की सचिव ने बताया कि प्रतिदिन मण्डोर गार्डन की सड़कों एवं अन्य स्थानों पर साफ-सफाई की जा रही है। वर्तमान में निरीक्षण किया जाकर संवेदक को कचरे के ढेर की हर रोज सुबह समय पर सफाई किए जाने के लिए साईट अभियंता को पाबंद किया गया है।

साथ ही, उद्यान में वॉकिंग ट्रेक जगह-जगह टुटे होने की सूचना पर जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मण्डोर उद्यान में मरम्मत सहित अन्य सिविल कार्य समय समय पर करवाए जा रहे है।

जोधपुर विकास प्राधिकरण की सचिव ने बताया कि निदेशक अभियांत्रिक, अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता सिविल एवं विद्युत में टीम के साथ सम्राट अशोक उद्यान का निरीक्षण किया गया। उद्यान में कई स्थानो पर पेच में दूब जली हुई पाई गई, जो कि पिछले दो माह से अत्यधिक गर्मी एवं हीटवेव के कारण जलना पाया गया। साथ ही, इन स्थानो पर सिंचाई व्यवस्था के लिए लगे पंप सिस्टम से कम पानी पहुंच पा रहा था। इस के लिए संवेदक एवं कनिष्ठ अभियंता को पानी के लिए उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। उद्यान में जली दुब ( घास ) के स्थान पर नई दुब ( घास ) लगाने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही, रात्रिकालीन सिंचाई व्यवस्था करने के निर्देश भी प्रदान दिए गए है। पूर्व में सूखे पेड़ों की गिनती कर एवं हटाकर उनके स्थान पर नये वृक्ष लगवाये जा रहे है।

## सम्पर्क पोर्टल में दर्ज प्रकरणों का समय पर करें निस्तारण :जिला कलक्टर

**जैसलमेर ।** जिला कलक्टर प्रतापसिंह ने बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल में दर्ज प्रकरणों एवं निस्तारित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पोर्टल में दर्ज प्रकरणों का निर्धारित सीमा में निस्तारण कर परिवादी को राहत दें ताकि इस पोर्टल के प्रति लोगों का ओर अधिक विश्वास बढ़े। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरण जो संबंधित विभागों को भेजे जाते है उनमें भी समय पर उचित कार्यवाही करावें। उन्होंने यह भी हिदायत दी कि पोर्टल में दर्ज प्रकरण नीचे के स्तर से अधिकारी के अपर लेवल पर ऑटोफोरवर्ड किसी भी सूरत में ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखें।

जिला कलक्टर श्री सिंह ने सोमवार को जिला कलक्ट्री सभाकक्ष में आयोजित विभागीय गतिविधियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर मुन्नीराम बागड़िया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भागीरथ विश्नोई, युआईटी सचिव जितेन्द्रसिंह नरुका, उपखण्ड अधिकारी पवनकुमार के साथ ही विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## निरीक्षण किया

**जोधपुर,** (कासं)। बाईजी तालाब की छतरियों के संबंध में प्राप्त शिकायत पर जेडीए द्वारा संज्ञान लिया गया है। जोधपुर विकास प्राधिकरण की सचिव डॉ. हरीतिम्मा ने बताया कि बाईजी तालाब का जोधपुर विकास प्राधिकरण के अभियन्ताओं द्वारा मौका निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि पार्क में छतरी के पत्थर निकलने एवं टीपे उखड के संबध में मरम्मत के लिए संवेदक को निर्देशित किया गया। साथ ही, संवेदक को तालाब की साफ-सफाई के लिए भी निर्देशित कर मौके पर कार्य शुरू करवा दिया गया है। सचिव ने बताया कि बोलार्ड टाईप लाईट लैम्प जो उंचाई के थे। जिनको असमाजिक तत्वों द्वारा तोड दिया गया था, को हटवाकर पर्याप्त उंचाई पर लगवाए जायेंगे।

## समदड़ी क्षेत्र की जलापूर्ति में सुधार आने लगा

**बालोतरा,** (निसं)। समदडी निवासी अशोक व्यास के परिवाद की जांच में जलदाय विभाग ने जलापुर्ति में आ रही समस्या में सुधार करते कर समदडी क्षेत्र की जल समस्या का समाधान किया। अब चार दिन के बजाय दो से ढाई दिन मे ही पुरे समद?ी कस्बे में जलापुर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

जन स्वास्थ्य एवं अभियान्त्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियन्ता ने बताया कि समदडी स्टेशन ग्राम पंचायत की सप्लाई हेतु 55० किलोलीटर क्षमता के उच्च जलाशय की है। समदडी पहाड पर निर्मित एमआरबी से इसको भरा जाता है। अशोक व्यास के परिवाद की जाँच हेतु समदडी योजना के निरीक्षण के दौरान ढाई घंटे समदडी गांव एवं समदडी स्टेशन पर कार्यरत सभी विभागीय कर्मचारियों एवं श्रमिकों के साथ पेयजल आपूर्ति मे आ रही समस्या के बारे मे चर्चा की।

चर्चा के दौरान दो समस्या सामने आई एक घाचियों के मोहल्ले हेतु पुराने जीएसएलआर मे कई महीनों से पानी नहीं भर रहा है कारण किसी को पता नहीं, दूसरी समस्या जो करीबन 6००० जनसंख्या को पानी सप्लाई समदडी स्टेशन उच्च जलाशय से सम्बंधित, 55० किलोलीटर का उच्च जलाशय 15 घंटे मे भर रहा, पूरा वाल्व खोलने के बाद भी उच्च जलाशय मे पानी की आवक 3०००० से 4०००० लीटर प्रति घंटा से ज्यादा नहीं बढती थी। इस उच्च जलाशय से 7 जोन सप्लाई करने होते है। सप्ताह मे चार दिन समदडी को पानी मिलता है। मांग की तुलना में आधे से कम पानी उच्च जलाशय तक पहुँचता है, पानी कम आवक से सभी जॉन मे पानी की समस्या थी। उन्होंने एल एण्ड टी के परियोजना पर कार्यरत इंजीनीयर एवं कर्मियों को भी बुला कर सभी तरह की जानकारी ली परन्तु समस्या क्या है मालूम नहीं पडा, उन्होंने भी सारी कोशिश पूर्व मे भी कर ली। इसके पश्चात एमबीआर पर लगे वाल्व, कनेक्शन्स सभी को अच्छी तरह दो -दो तीन -तीन बार खुलवा कर देखा पर पानी का फलो 359०० लीटर घंटा से ज्यादा नहीं बढ रहा था। उन्होने कर्मचारियों एवं एल एण्ड टी के इंजीनीयर के साथ उच्च जलाशय पर लगे इनलेट वॉल को चैक करवाया, सम्भावना थी की एमबीआर के वेन्टीलॉकर खुले होने से कबूतर या कोई अन्य सामान इनलेट वाल्व मे जाकर फस गया हो, इनलेट मे भी कोई समस्या नहीं मिली। फिर उच्च जलाशय के अंदर इनलेट मे लगे फ्लोट को चौक करने हेतु एक कर्मचारी हो ऊपर चढाया और सप्लाई चालू कराई, पता चला की फ्लोट पानी सप्लाई चालू होने के बाद भी नहीं खुल रहा ही, फ्लोट को खुलवा कर हटा दिया फिर पानी सप्लाई चालू की। जलदाय विभाग के प्रयासों से पानी की ओएचएसआर मे 125००० से 13०००० लीटर प्रति घंटा हो गई, जो उच्च जलाशय 15 घंटे मे भरता था वह 5.3० घंटे से कम समय मे भर गया। जिन 7 जोन की सप्लाई चार दिन मे भी पूरी नहीं होती थी, दो दिन ने पूरी हो गई।

# आमजन के हित से जुड़े कार्यों को पूर्ण करें : के. के. विश्नोई

**सांचौर,** (कासं)। उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री व सांचौर जिला प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई की अध्यक्षता में सोमवार को डीओआईटी परिसर में जिला प्रशासन की विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन से जुडे समस्त अधिकारी आमजन के हित से जुडे विकास कार्यो को नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने पेयजल एवं नर्मदा नहर परियोजना के अधिकारियों से जिले में किए जा रहे जल परिवहन कार्यो, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में दी जा रही जलापूर्ति, अमृत 2.0 योजना, नर्मदा नहर परियोजना के तहत एफ.आर. ,डी.आर., सीलू-जैसला-भाटकी प्रोजेक्ट कार्यों, डिग्गी व स्प्रिंकलर सिस्टम के बारे में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में पानी चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

जिला प्रभारी मंत्री ने डिस्कॉम से जुडे अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र में सुदृढ विद्युत प्रबंधन सुनिश्चित करें तथा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कुसुम योजना के तहत क्षेत्र के किसानों को लाभान्वित करने की बात कही। जिला प्रभारी मंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जिले में प्रगतिरत सडक निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि वे स्वीकृत सडक निर्माण कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में पूर्ण करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से स्वास्थ्य केंद्रों में आमजन के लिए दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



सांचौर में जिला प्रभारी मंत्री के. के. विश्नोई ने अधिकारियों की बैठक ली। फोटो राष्ट्रदूत

जिला प्रभारी मंत्री ने मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, एम.जे.एस.ए 2.0 से जुडे कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन नशाखोरी से जुडे लोगों की काउंसलिंग करें तथा उन्हें जीवन में सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी, जिला कलेक्टर शक्तिसिंह राछौड, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह राव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर चंद्रशेखर भंडारी, एडिशनल एसपी सुरेश कुमार मेहरानियां, दानाराम चौधरी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपखंड अधिकारी ने निरीक्षण किया

**बालोतरा,** (निसं)। उपखंड अधिकारी राजेश कुमार ने सोमवार को नगर परिषद और जल विभाग के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

उपखंड अधिकारी राजेश कुमार ने नगर परिषद की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों व कार्मिकों का उपस्थिति रजिस्टर देखा। समय पर नहीं आने व कार्य में अनियमितताएं बरतने पर कार्मिकों को सख्त हिदायत दी। वहीं अधिकारियों से विभिन्न सरकारी योजनाओं के ियान्वयन, शहर में चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने शहरवासियों की शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद में मास्टर प्लान, भूमि, लेखा, संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों, साफ-सफाई, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जनकल्याणकारी योजनाओं की ियान्विति सहित विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण कर नगर परिषद आयुक्त मघराज डूडी एवं संबंधित कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिए। नगर परिषद कार्यालय में पत्रावलियों का संधारण व्यवस्थित नहीं होने को गंभीरता से लिया एवं ई-फाइल सिस्टम शुरू करने के निर्देश दिए, ताकि रिकॉर्ड का संधारण व्यवस्थित रूप से हो सके एवं पत्रावली की ट्रेकिंग की जा सके। इसके पश्चात उपखंड अधिकारी ने पेयजल आपूर्ति को सुचारू करने को लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता एवं सहायक अभियंता कार्यालय का निरीक्षण किया।

## सम्मान समारोह आयोजित

**रेवदर,** (निसं)। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबंध एवं आदर्श शिक्षा समिति सिरोही जिला द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक रेवदर में संकुल स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुबोध सिंह चारण उपखंड अधिकारी रेवदर अध्यक्ष स्नेह दीप सिंह सान्दु तहसीलदार रेवदर, विशिष्ट अतिथि जगसीराम कोली पूर्व विधायक रेवदर आबूरोड, मुख्य वक्ता महेंद्र कुमार दवे जोधपुर प्रांत के प्रांत सचिव उपस्थित रहे। जिनका परिचय व सम्मान विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य प्रवीण रावल द्वारा करवाया गया। कार्यक्रम में रेवदर संकुल के विद्या मंदिर मंडार,अनादर, भटना व रेवदर से कुल 45 भैया बहनों का सम्मान किया गया जिसमें कक्षा दसवीं बोर्ड में ९०त्न से ज्यादा लाने वाले 19 भैया बहिन कक्षा अष्टमी में सभी विषय में ए ग्रेड प्राप्त करने वाले 17 भैया बहिन व कक्षा पंचमी में सभी विषय के ए ग्रेड प्राप्त करने वाले 7 भैया बहनों का सिल्वर मेडल सहित प्रमाण-पत्र से सम्मान किया।


**कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर ( राज ) 345001**

क्रमांक/भूमि/2024-25/452 दिनांक: 24/06/2024

प्रसारित नोटिस उजरदारी

श्री आनन्द शर्मा पुत्र श्री विठ्लदास शर्मा जाति ब्राहमण निवासी 462 सुभाष मार्ग, गांधी कॉलोनी जिला जैसलमेर राजस्थान द्वारा एक आवेदन-पत्र मय मृत्यु प्रमाण प्रत्र, शपथ पत्र, वारिश प्रमाण प्रत्र की कॉपी पेश कर निवेदन किया है कि प्लाट संख्या 462 साईज 7.5 गुणा 15 कुल 112.5 वर्गफीट वाके गांधी नगर आवासीय योजना जैसलमेर राजस्थान में आंवटी श्री विठ्लदास शर्मा पुत्र श्री फतेहचन्द की मृत्यु दिनांक 16.03.2020 की होने के कारण वारिसयान श्री आनन्द शर्मा पुत्र श्री विठ्लदास शर्मा जाति ब्राहमण निवासी 462 सुभाष मार्ग गांधी कॉलोनी जिला जैसलमेर राजस्थान द्वारा अपने नाम दर्ज करवाना चाहते है अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

आयुक्त,
नगर परिषद, जैसलमेर

# 8.74 करोड़ रुपये की सफेद चंदन की लकड़ियों से भरा मिनी ट्रक पकड़ा

## पुलिस ने तीन जनों को पूछताछ के बाद नोटिस देकर छोड़ दिया, पुलिस जांच में जुट गई है

**निवाई, (निसं)।** बरौनी पुलिस ने 5 हजार 300 किलो सफेद चंदन की लकड़ियों से भरे मिनी ट्रक को जब्त कर वन अधिनियम और धारा 420 के अन्तर्गत मामला दर्ज किया है। जब्त चंदन की लकड़ी कीमत 8 करोड़ 74 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई है।

बरौनी थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि गुजरात के मेहसाणा से मिनी ट्रक में सफेद चंदन की लकड़ी भरकर उत्तरप्रदेश के कन्नौज लेकर जा रहे थे। ट्रक को नाकाबंदी के दौरान रुकवाया गया और चंदन की लकड़ी लेकर जा रहे नितेश आदिवासी, जयपाल आदिवासी और ट्रक चालक देवेश कुमार से पूछताछ की गई। लकड़ी का अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मूल्य 16 हजार 500 रुपए प्रति किलो है, जिससे जब्त चंदन की कीमत 8 करोड़ 74 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई है। जब्त चंदन को ट्रक से उतारकर थाने में सुरक्षित रखवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने नितेश,

- **गुजरात के मेहसाणा से मिनी ट्रक में सफेद चंदन की लकड़ी भरकर उत्तरप्रदेश के कन्नौज लेकर जा रहे थे**

जयपाल और देवेश कुमार को पूछताछ के बाद नोटिस देकर छोड दिया गया है। पुलिस जांच में जुट गई है। जांच में पुलिस वन विभाग और जीएसटी विभाग के अधिकारियों से विभिन्न प्रकार की जानकारी भी ले रही है। सफेद चंदन की लकडियों से भरे ट्रक को जब्त करने के मामले में पुलिस के आलाधिकारी भी नजर बनाए हुए हैं। बरोनी थाना पुलिस की सूचना पर मानपुरा थाने में भी जब्त चंदन से भरे एक ट्रक को पकडा है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार जांच कर मामले के खुलासे के प्रयास में लगी है।



**बरौनी पुलिस थाने में जब्त चंदन की लकड़ियों से भरा हुआ मिनी ट्रक।**

## प्रवेश पत्र 27 जून को अपलोड होंगे

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अभियंता-यांत्रिकी (भू-जल विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 का आयोजन 30 जून को सुबह 11 से दोपहर 1.30 बजे तक अजमेर जिला मुख्यालय पर किया जाएगा। परीक्षा में ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के पाँचवें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।

आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर 27 जून को जारी किए जाएंगे। इस अनुसार अभ्यर्थी यथा शीघ्र प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ठ कर डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अत: अभ्यर्थी परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारंभ होने के लिए नियत समय से पर्याप्त समय पूर्व परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक रूप से उपस्थित हो जाएं ताकि सुरक्षा जांच एवं पहचान का कार्य समय पर पूर्ण हो सके।

# महिला ने पीहर में फांसी लगाकर आत्महत्या की

**चिड़ावा, (निसं)।** शहर के विकास नगर स्थित वार्ड 32 निवासी एक महिला ने अपने पीहर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल लाया गया। डॉक्टर्स ने महिला को मृत घोषित कर दिया। शव को मोर्चरी में रखा गया, जिसका मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार पूजा की मां राजेश देवी ने रिपोर्ट दी है कि उसकी बेटी पूजा पुत्री बलवीर सिंह का विवाह 8 दिसंबर 2022 को हुक्मा की ढाणी निवासी रवि पुत्र सतपाल धायल से हुआ था। शादी के बाद से ही पति, सास, ससुर, ननद और दादी सास के खिलाफ दहेज के प्रताड़ित करने लगे। इसके चलते कई बार बेटी ससुराल से पीहर आ गई। हर बार उसे कुछ रुपए देकर ससुराल भेजा जाता। 23 जून शाम को जब राजेश देवी पड़ोस में गई हुई थी, इसी दौरान पूजा ने ससुराल वालों से परेशान होकर रसोई में गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।


**जयपुर विकास प्राधिकरण**
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक : जविप्रा/व.उ.वि./2024-25/डी-280 दिनांक : 21.06.2024

**बिड आमंत्रण सूचना**
**बिड संख्या-व.उ.वि./2024-25/07**

जयपुर विकास प्राधिकरण वरिष्ठ उद्यानविज्ञ में "Development and maintenance of Greenbelt and median in Hatoj Extension Scheme with 2 years maintenance." कार्य जिसकी लागत रू. 49.81 लाख के लिए दिनांक 01.07.2024 सायं 6.00 बजे तक ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण जो कि निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है, अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अथवा राजस्थान सरकार के उपापन पोर्टल www.sppp.raj.nic.in व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

(UBN No. JDA2425WSOB00061)

निविदादाता को निविदा में भाग लेने हेतु आवश्यक है कि :-

1. जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो। निविदा शुल्क व आर.आई.एस.एल. प्रक्रिया शुल्क केवल ऑन लाईन ही देय होगी। बोली प्रतिभूति ऑनलाईन अथवा बैंक गारन्टी के द्वारा दी जा सकती है।
2. ऑन लाईन निविदा में भाग लेने हेतु राजस्थान सरकार के पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो।

राज.संवाद/सी/24/1235 वरिष्ठ उद्यानविज्ञ


## मॉडल उत्तर कुंजी जारी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 के सात विषय पॉलिटिकल साइंस, हिस्ट्री, ज्योग्राफी, ड्राइंग एंड पेंटिंग, म्यूजिक (वॉकल), फिजिकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर तथा साइकोलॉजी विषय की मॉडल उत्तर कुंजियां आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को इन मॉडल उत्तर कुंजियों पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 26 से 28 जून को रात्रि 12 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है।

# सर्व समाज में आक्रोश, उपद्रवियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग

**जोधपुर, (कासं)।** सूरसागर में दो पक्षों के बीच हुई झड़प को लेकर सोमवार को सर्व समाज के प्रतिनिधिमंडल ने संतों के सान्निध्य में जिला कलेक्टर और पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर सूरसागर में उपद्रव करने वाले दोषियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की एकतरफा कार्रवाई न की जाए। दोषियों को बख्शा न जाए। ज्ञापन देने आए लोगों ने बताया कि सूरसागर क्षेत्र में एक समाज विशेष के लोग द्वारा पिछले कई वर्षों से अनैतिक कार्य कर महिलाओं व लड़कियों के साथ छेड़खानी कर रहे हैं जिसकी वजह से पहले भी क्षेत्र में दंगे हुए तथा जानमाल की क्षति हुई है।

उन्होंने इस प्रकार की गंभीर घटनाओं के कारण भी बताए हैं। उन्होंने बताया कि राजाराम चौराहे पर अवैध मीट की दुकानें संचालित हो रही है जो मंदिरों के पास है तथा जिससे हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचती है, इसको बंद करवाया जाए। चौराहे पर सड़क सीमा में अतिक्रमण हो रखा है उसकी जांच करके अवैध निर्माण ध्वस्त

- **सूरसागर में दो पक्षों के बीच हुई झड़प को लेकर सर्व समाज ने संतों के साथ मिलकर जिला कलेक्टर और पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपे**
- **पुलिस प्रशासन से सात दिन में कठोर कार्रवाई की मांग, कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी**

करवाया जाए। नो एंट्री जोन होने के बाद भी चौराहे पर व मुख्य सड़क पर भारी वाहन खड़े रहते हैं जिससे यातायात बाधित रहता है और आए दिन दुर्घटनाएं भी होती रहती है, इसकी जांच करके दुरस्त किया जाए, वहीं देर रात तक दुकानें खुली रहने के कारण असामाजिक तत्व वहां समूह के रूप में बैठे रहते है जिससे राहगीरों को परेशान करना व उनसे लूटपाट करना आम बात है, इसको रोका जाए, सूरसागर थाने वाली सड़क पर जो कब्रिस्तान है उसके बीच में चल रही सड़क पर हुए अतिक्रमण को हटाया जाए, व्यापारियों के मौहल्ले में जो अवैध निर्माण है उसे हटाया जाए, पूरे क्षेत्र में समुचित सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की जाए ताकि भविष्य में कोई घटना हो तो पुलिस को जांच में सहयोग मिले, जिनके घरों से पत्थर बरामद हुए हैं उनके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

संत श्रवणराम महाराज ने बताया कि 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा गया है। पुलिस प्रशासन सात दिनों में कठोर कार्रवाई नहीं करता है तो हिन्दू समाज संतों के नेतृत्व में सड़कों पर आकर उग्र आंदोलन करेगा।


**कृषि अनुसंधान केन्द्र**
(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)
दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327001
Mo. No. 8112207969 / 9414389929 Mail ID: zdr_arsb@yahoo.com, Visit us : www.mpuat.ac.in


क्रमांक : एफ( )/कृअके/2024-25/56-60 दिनांक 20.06.2024

**निविदा सूचना (2024-25)**

कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाड़ा के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य / कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमन्त्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 06.07.2024 मध्यान्ह् 12.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदायें उसी दिन प्रात: मध्यान्ह् पश्चात 12.30 बजे तक जमा की जाकर दोपहर 01.00 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क (रू.) |
|---|---|---|---|
| कृषि अनुसंधान केन्द्र, बोरवट फार्म, बांसवाड़ा पर कृषि कार्य। | 8,69,400/- | 17,500/- | 500/- |

संभागीय निदेशक अनुसंधान

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को राजसमंद जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने आगरिया (आमेट) में कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ के निवास पर पहुंच कर उनकी माता पारस कंवर के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न मुद्दों पर विधायक राठौड़ से चर्चा भी की। इस दौरान राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, समाजसेवी मानसिंह बारहठ, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, राजसमंद प्रधान अरविंद सिंह, संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट, कलेक्टर डॉ.भंव लाल, एसपी मनीष त्रिपाठी, समाजसेवी महेंद्र सिंह आगरिया, पूर्व चेयरमैन अशोक रांका सहित बड़ी संख्या में स्थानीयजन आदि मौजूद रहे।**

# उदयपुर में बारिश होने से तापमान में गिरावट आई

**उदयपुर, (कासं)।** लेकसिटी में मानसून की शुरूआत हो चुकी है। भारी उमस के बीच गुजर रहे दिनों के बीच सोमवार शाम को आसमान में छाए घने बादलों के बीच मध्यम क्रम की बारिश शहर में हुई। तापमान में करीब चार डिग्री से गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को हुई बारिश ने उमस से हल्की राहत दी है।

- **सोमवार को पारा 35.5 डिगी रिकॉर्ड किया गया**

लेकसिटी में रविवार की तरह सोमवार को भी सुबह से मौसम में उमस घुली गई। भारी उमस के बीच बीते पूरे दिन के बाद शाम करीब 6.30 बजे अचानक छाए घने बादलों ने खण्ड वर्षा के रूप में बरसना शुरू किया और शाम को शहर के कई इलाकों में मध्यम क्रम की बारिश हुई। मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार शहर के अधिकतम तापमान में एक ही दिन में करीब चार डिग्री से की गिरावट हुई है। रविवार को तापमान 39.2 डिग्री था जो कम होकर सोमवार को 35.5 डिगी रिकॉर्ड किया गया। वहीं डबोक मौसम विभाग ने सुबह 8.30 बजे समाप्त बीते 24 घंटों में 16.5 मिमी व शाम 5.30 बजे तक समाप्त बीते 12 घंटों में 8.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की।

वहीं सिंचाई विभाग के बाढ़ नियंत्रण कक्ष से सुबह 8 बजे तक जिले में सर्वाधिक वर्षा 21 मिमी कोटड़ा में दर्ज की। इसके अलावा भीण्डर में 17, वल्लभ नगर 15, खेरवाड़ा 10, ऋषभदेव 11, कानोड़ में 16 मिमी बारिश हुई। इधर, शहर के केचमेंट एरिया में अभी बारिश का इंतजार है।



**उदयपुर में आयड़ क्षेत्र में बारिश से पानी के बीच में से निकलते वाहन।**


**कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण (राज0)**
पता :- सी0ए0डी0 सर्किल, दशहरा ग्राउण्ड, कोटा
ई-मेल :- nnksouth@gmail.com website : www.Kotamc.org

क्रमांक :- ननिकोद/गौशाला/2024/4648-59 दिनांक :- 21.06.2024

**ई-बिड सूचना**

राज्य सरकार/केन्द्र सरकार से लायसेन्स प्राप्त दवाई विक्रेता/निर्माता को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, कोटा दक्षिण की बंधा गौशाला धर्मपुरा एवं कायन हाउस किशोरपुरा में जेनेरिक दवाईयॉ एवं सर्जिकल सामानों की आपूर्ति कार्य हेतु ई-बिड आमन्त्रित की जाती है। निविदा में भाग लेने हेतु बिड़ राशि, अमानत राशि तथा प्रोसेसिंग राशि Demand Draft से प्राप्त की जावेगी। ई-बिड सूचना निगम वेबसाइट www.kotamc.org /www.sppp.rajasthan.gov.in / eproc.rajasthan.gov.in पर देखी तथा बिड प्रपत्र भी डाउनलोड किये जा सकते है और eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन ई-बिड अपलोड/सबमिट की जा सकती है एवं कमरा नम्बर 416 में बिड शुल्क/अमानत राशि/एम.डी.,आर.आई.एस.एल शुल्क के Demand Draft दिनांक 05.07.2024 को सायः 4:00 बजे तक जमा किये जा सकते है। नियत समय तक प्राप्त ई-बिड की तकनीकी बिड को दिनांक 08.07.2024 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाईन खोला जावेगा।

UBN No DLB2425GLOB01209

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | बंधा धर्मपुरा गौशाला एवं किशोरपुरा कायन हाउस में जेनेरिक दवाईयॉ एवं सर्जिकल सामानो की सप्लाई आपूर्ति कार्य। |
| 2. | अनुमानित व्यय | राशि रूपये 16.00 लाख मात्र |
| 3. | बिड शुल्क (उक्त शुल्क का डीडी आयुक्त नगर निगम, कोटा दक्षिण के नाम बनेगा) | राशि रूपये 2000/- मात्र |
| 4. | अमानत राशि (उक्त शुल्क का डीडी आयुक्त नगर निगम, कोटा दक्षिण के नाम बनेगा) | राशि रूपये 32000/- मात्र |
| 5. | प्रोसेसिंग फीस (उक्त शुल्क का डीडी MD. RISL, Jaipur के नाम बनेगा) | 500/-रूपये मात्र |
| 6. | बिड डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाईट से) | दिनांक 22.06.2024 से |
| 7. | बिड अपलोड करने की अंतिम तिथि (वेबसाईट से) | दिनांक 04.07.2024 सायं 5:00 PM तक |
| 8. | अमानत राशि/बिड शुल्क/प्रोसेसिंग शुल्क Demand Draft जमा करने की अंतिम तिथि(कार्यालय मे) | दिनांक 05.07.2024 सायः 4:00 PM तक |
| 9. | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | दिनांक 08.07.2024 प्रातः 11:00 बजे |
| 10. | वित्तीय बिड खोलने की तिथि | तकनीकी बिड परीक्षण उपरान्त। |
| 11. | कार्य अवधि | कार्यादेश तिथि से 1 वर्ष के लिये |

नोट :- बिड से संबंधित आवश्यक शर्ते कार्यालय समय में राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान स्थित नगर निगम, कोटा दक्षिण कार्यालय के कमरा नम्बर 416 गौशाला अनुभाग में देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/24/1209 उपायुक्त गौशाला



**कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)**
E-Mail : nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड़, बारां Phone : 07453-230106

क्रमांक : नपबा/विद्युत/2024/3081 दिनांक : 21.06.2024

**निविदा सूचना संख्या : विद्युत 02/2024-25**

नगर परिषद बारां द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु इस कार्यालय के लिये नगर परिषद क्षेत्र में रोड़ लाईट रखरखाव व रोड़ लाईन मरम्मत कार्य, हाईमास्क व सभी पार्को की लाईट तथा रोड़ लाईट से सम्बन्धित सभी कार्य हेतु विद्युत विभाग में "A" Class में पंजीकृत संवेदको से ऑनलाईन ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक संवेदक/फर्म निविदा प्रपत्र व विवरण पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखें। कार्य की लागत 23.00 लाख रूपये है तथा UBN No. DLB2425SLOB01153 है।

आयुक्त
राज.संवाद/सी/24/1192 नगर परिषद बारां


# जानलेवा हमले के मामले में दस जने दिल्ली से गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र की लेबर कॉलोनी में दो युवकों पर हुये जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने दस लोगों को दिल्ली के पहाड़गंज इलाके से गिरफ्तार किया है।

प्रताप नगर पुलिस के अनुसार, लेबर कॉलोनी निवासी गजेन्द्र उर्फ गज्जु पुत्र निरंजन भाम्बी ने 11 जून को प्रताप नगर थाने में रिपोर्ट दी कि 10 जून की शाम करीब 08.30 बजे कश्मीर शेख, याद मोहम्मद उर्फ छोटू शेख, वहीद, लक्की कायमखानी, जिशान शेख उर्फ शानू और शाहिल शेख, लख्खा कायमखानी व अन्य 5-7 व्यक्तियों ने परिवादी व उसकी बुआ के लड़के को बाइक पर जाते हुये को रोककर जातिगत गाली-गलौच कर अपमानित करते हुये जानलेवा हमला किया। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या के प्रयास, मारपीट, बंधक बनाने सहित एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था।

इस मामले की जांच डीएसपी सिटी को दी गई। उधर, आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लेबर कॉलोनी-जवाहर नगर संघर्ष समिति के बैनर तले जिलाधिकारियों को ज्ञापन दिये। वहीं पटरी पार के इलाकों के बाजार बंद रखकर प्रदर्शन भी किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुये जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के सुपरविजन व एएसपी विमल सिंह के निर्देशन में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी तंत्र व मुखबीर सूचना के आधार पर भीलवाड़ा, बदनोर,



**दो युवकों पर हुये जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने दस लोगों को दिल्ली के पहाड़गंज इलाके से गिरफ्तार किया।**

- **पुलिस टीम ने आरोपियों की भीलवाड़ा, बदनोर, माण्डल जहाजपुर, देवली, टोंक सहित करीब 100 से अधिक ठिकानों पर तलाश की**
- **पुलिस ने आरोपियों का करीब 600 किलोमीटर पीछा करते हुये उन्हें पहाडगंज दिल्ली से डिटेन कर लिया**

माण्डल जहाजपुर, देवली, टोंक सहित करीब 100 से अधिक ठिकानों पर तलाश की। आरोपियों का करीब 600 किलोमीटर पीछा करते हुये उन्हें पहाडगंज दिल्ली से डिटेन कर लिया। शहर के लेबर कॉलोनी इलाके में दो युवकों पर हुये जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने दस लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इन आरोपितों को दिल्ली के पहाडग़ंज इलाके से दबोच कर यहां ले आई।

पुलिस ने पहाडगंज दिल्ली से लेबर कॉलोनी निवासी कश्मीर मोहम्मद शेख, जिशान शेख, याद मोहम्मद उर्फ छोटू शेख, वहिद मोहम्मद शेख, साहिल शेख, सरफराज मोहम्मद शेख उर्फ सप्पू, युनुस खान उर्फ लक्की कामखानी, आदित्य यादव, विशाल गवारिया, असांरुल हक शेख को गिरफ्तार कर लिया।


**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, टोंक (राज.)**

क्रमांक :- कृउमस/सी.आई.सी./ओ.एण्ड.एम./2024-25/282-302 दिनांक : 20.06.2024

**ई-निविदा सूचना :- 01/2024-25**

कृषि उपज मण्डी समिति, टोंक के गौण मण्डी प्रांगण सोहेला में पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के अन्तर्गत स्थापित किये जा रहे कॉमन इन्क्यूबेशन सेन्टर में Processing Line-i Mustard Oil Expeler Mill with packing Unit., Processing Line-ii. Primary Processing For Fruit and Vegetabiles Sorting, Grading., & Processing Line- iii. Plup and Sauce line for Tomato and Chilli. iv - Pack House के लियें Selection of Operator for Operation and Management हेतु इच्छुक Proprietor or Partnership Firm / LLP, Pvt ltd. company, Co-operative, Farmer Producer Company/ Organization,Self Help Group or any other private agency से निम्नानुसार ई-निविदा ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in के माध्यम से दिनांक 21.06.2024 से 15.07.2024 तक आमंत्रित की गई है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर NIB Code : DAM2425A0111 (UBN No : DAM2425SLRC00292 एवं विभागीय वेबसाईट agriculture.rajasthan.gov.in/mandi पर भी देखा जा सकता है।

NIB Code : DAM2425A0111
UBN No : DAM2425SLRC00292

सचिव प्रशासक
राज.संवाद/सी/24/1219



**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/22 - 24 Date : 21/06/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या : 06/2024-25**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : | रूपये 142.67 लाख (08 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/ अपलोड करने की अवधि | : | 24.06.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 04.07.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 24.06.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 04.07.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 05.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2425WSOB00033 To ITU2425WSOB00040

अधिशाषी अभियन्ता-चतुर्थ
राज.संवाद/सी/24/1174 उदयपुर विकास प्राधिकरण



**कार्यालय नगर परिषद, केकड़ी -राजस्थान**
Email ID – npkekri2011@gmail.com Phone(O) : 01467-220002, 220019 web site : www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांकः नपके/भूमि शाखा/2024-25/653 दिनांक:19.06.2024

**ई -ऑक्शन के माध्यम से आवासीय/व्यवसायिक भूखण्डों की आम नीलामी की सूचना**

नगर परिषद, केकड़ी द्वारा ई-ऑक्सन के माध्यम से राजकीय महाविद्यालय के पीछे मुख्यमंत्री जन आवास योजना के पास गांधी नगर वाणिज्यिक एवं आवासीय योजना में वाणिज्यिक भूखण्डों को निलाम हेतु की जानी है। जिसमें धरोहर राशि दिनांक 24.06.2024 मध्य रात्रि 12.00 AM से 30.06.2024 को मध्य रात्रि तक जमा करायी जा सकती है।

उक्त निलामी में निम्न कुल 20 भूखण्डों की निलामी की जानी है जो ई-ऑक्शन के माध्यम से निम्न तालिका अनुसार आवासीय एवं वाणिज्यिक भूखण्ड कय किये जा सकते है। निम्न भूखण्डों हेतु ई-ऑक्शन का प्रारम्भ दिनांक 02.07.2024 मध्य रात्रि 12.00 AM से 04.07.2024 को मध्य रात्रि तक रहेगा। जिसके लिए धरोहर राशि दिनांक 24.06.2024 मध्य रात्रि 12.00 AM से 30.06.2024 तक ऑनलाईन माध्यम से जमा करवायी जा सकती है। नियम/शर्ते एवं निलामी से संबंधित जानकारी E-Auction Portal https://lsgeauction.rajasthan.gov.in/ (SSO ID के माध्यम से) एवं नगर परिषद की वेबसाईट https://urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri पर देखी जा सकती है। सम्पर्क सूत्र श्री संजय शर्मा (मो.नं. 7690838999) वरिष्ठ प्रारूपकार नगर परिषद केकड़ी रहेंगे।

भूखण्ड का विवरण

| क. सं. | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड माप | भूखण्ड क्षेत्रफल (व.मी. मे) | भूखण्ड क्षेत्रफल (व.ग. मे) | निलामी में भाग लेने हेतु भूखण्ड के लिए जमा योग्य अमानत राशि | भूखण्ड का भू उपयोग | निलामी आरम्भ निलामी आरम्भ सुरक्षित दर (प्रति व.ग.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 |
| 1 | 1, 5, 9, 16, 20 | . . . | 41.82 | 50.00 | 3346 | आवासीय | 4000 रू. प्रति वर्गमीटर |
| 2 | 112 | 25'x 30' | 69.70 | 83.33 | 5576 | | |
| 3 | 115, 118, 122, 126 | 20'x 40' | 74.34 | 88.88 | 5947 | | |
| 4 | E-11, E-13 E-21, E-25, E- 33, E-37 | 10'x 10' | 9.28 | 11.11 | 1120 | वाणिज्यिक | 6000 रू. प्रति वर्गमीटर |
| 5 | C- 2 | 50' x 85' | 394.98 | 472.22 | 47390 | | |
| | C -13 | 106' x 85' | 837.05 | 1001.11 | 100450 | | |
| | C -18 | 104.8' x 85' | 826.52 | 988.51 | 99190 | | |
| | C - 24 | 157'x85' | 1238.78 | 1482.77 | 148660 | | |

शर्ते:-

1. बोलीदाता को निलामी में भाग लेने से उपरोक्तानुसार रूपये धरोहर राशि ऑन लाईन जमा करानी होगी।
2. निलामी द्वारा विक्रय किये जा रहे भूखण्ड की छत केता की रहेगी।
3. निलामी से विक्रय किये जाने वाले भूखण्ड पर निर्माण स्वीकृति पालिका से प्राप्त करनी होगी।
4. निलामी तिथि से 180 दिवस के भीतर विक्रय भूमि की शेष सम्पूर्ण राशि परिषद में ऑनलाईन जमा करानी होगी जिसकी सूचना अलग से नहीं दी जायेगी। राशि निर्धारित समय में जमा नहीं कराने पर जमा राशि जब्त कर भूखण्ड की निलामी निरस्त कर दी जावेगी।
5. लीज राशि नियमानुसार देय होगी।
6. बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार परिषद के पास सुरक्षित रहेगा।

राज.संवाद/सी/24/1187 आयुक्त



वेस्टइंडीज के खिलाड़ी फ्रेंचाइजी क्रिकेट की बजाय देश के लिये खेलने को तरजीह दें। उम्मीद है कि खिलाड़ी हमेशा देश के लिये खेलने को चुनेंगे। मैं कप्तान होने के नाते उन्हें इसके लिये प्रेरित करता रहूंगा। - **रोवमैन पॉवेल**

**वेस्टइंडीज के कप्तान, फ्रेंचाइजी क्रिकेट की बजाय देश के लिये खेलने के लिए कहा**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## शुभमन गिल



**अगले** महीन से शुरू होने वाली भारत और जिम्बाब्वे के बीच टी20 सीरीज के लिए बीसीसीआई ने टीम की कमान युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को सौंपी गई है। दोनों टीमों के बीच ये सीरीज 6 जुलाई से शुरू होगी। वहीं टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने से चूकने वाले शुभमन गिल को जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए कप्तान बनाया गया, जबकि अभिषेक शर्मा और रियान पराग को पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह को आराम दिए जाने के बाद तेज गेंदबाज खलीली अहमद और आवेश खान मौका मिला है।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्वकप फुटबॉल इतिहास में पहला मैच फ्रांस और मैक्सिको के बीच खेला गया, जिसमें फ्रांस 4-1 से जीता।

**संक्षिप्त समाचार**

## श्रीजा अकुला ने जीता डब्ल्यूटीटी कंटेंडर एकल खिताब

लागोस, 24 जून। श्रीजा अकुला ने डब्ल्यूटीटी कंटेंडर के एकल के फाइनल मुकाबले में चीन की डिंग यिजी को हराकर खिताब अपने नाम किया। इसी के साथ वह यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं हैं। नाइजीरिया के सर मोलेड ओकोया थॉमस इंडोर स्पोर्ट्स हॉल में रविवार को खेले गये डब्ल्यूटेटे कंटेंडर एकल के खिताबी मुकाबले में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुकी श्रीजा ने चीन की डिंग को 4-1 (10-12, 11-9, 11-6, 11-8, 11-6) से हराया। वहीं एक अन्य मुकाबले में भारत की दूसरे नंबर की पैडलर श्रीजा ने अर्चना कामथ के साथ हमवतन दीया चितले और यशस्विनी घोरपड़े की जोड़ी को 3-0 (11-9, 11-6, 12-10) से हराकर महिला युगल का खिताब भी अपने नाम किया।

## चंड़ीगढ़ की गौरी व पंजाब के गगन ने जीता कुश्ती व दंगल

सोलन, 24 जून। तीन दिवसीय मां शूलिनी मेला के दौरान पुलिस विभाग व शूलिनी मेला समिति के संयुक्त तत्वावधान में कुश्ती प्रतियोगिता एवं दंगल का आयोजन किया गया। लड़कियों की कुश्ती प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला चंडीगढ़ की गौरी व मैदा के बीच खेला गया। इसमें गौरी विजयी रहीं। दंगल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पंजाब पुलिस के गगन और पंजाब के रहने वाले ताज गोनी के बीच खेला गया। इसमें गगन ने खिताब जीत लिया। विजेता को 40 हजार रुपए तथा उप-विजेता को 35 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई। मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार चौधरी ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि मां शूलिनी का यह मेला ऐतिहासिक ग्रेडो मैदान में वर्षों से मनाया जा रहा है और ग्रेडा व दंगल जैसे प्राचीन खेल इसे अनूठा बनाते हैं। उन्होंने कहा कि मेलों के दौरान खेल गतिविधियों का आयोजन लोगों के मनोरंजन के साथ ही खिलाड़ियों के शारीरिक सौष्ठव व मानसिक दृढ़ता का भी परिचायक होता है। इससे युवा खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए उचित मंच प्राप्त होता है।

## श्रीलंका महिला टीम ने टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को चार विकेट से हराया

हंबनटोटा, 24 जून। चमारी अटापट्टू (चार विकेट) और इनोशी प्रियदर्शनी (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद विशमी गुणरत्ने (35) तथा हर्षिता समरविक्रमा (35) की उम्दा पारियों के दम पर श्रीलंका की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को चार विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही श्रीलंका तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। आज यहां महिंदा राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 134 रनों का स्कोर खड़ा किया। कप्तान हेले मैथ्यूज (30), आलियाह एलीने (26) कियाना जोसेफ (20),स्टेफनी टेलर (11) रन बनाकर आउट हुई और एफी फ्लेचर नाबाद (14) रन बनाये। श्रीलंका की ओर से चमारी अटापट्टू ने चार विकेट लिये। इनोशी प्रियदर्शनी को तीन विकेट मिले। अमा कंचना ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## शुभमन गिल के कप्तान बनने पर भड़के फैंस

नई दिल्ली, 24 जून। बीसीसीआई ने सोमवार को जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। जहां युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को टीम की कमान सौंपी है। वहीं दोनों टीमों के बीच 6 जुलाई से पांच टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। साथ ही इस सीरीज में टीम के सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है।

# वनडे वर्ल्डकप का बदला पूरा, ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराया



## भारत का सेमीफाइनल में 27 जून को इंग्लैंड से होगा आमना-सामना, रोहित ने ताबड़तोड़ 92 रन बनाए

ग्रॉस आइलेट, 24 जून। टीम इंडिया ने अपने आखिरी सुपर-8 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम 5वीं बार इस टूर्नामेंट के टॉप-4 में पहुंची है। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड से 27 जून रात 8:00 बजे से गयाना के मैदान पर खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की इस हार से उसका सेमीफाइनल में पहुंचने का सपना टूटता नजर आ रहा है। अब ऑस्ट्रेलिया की सारी उम्मीद कल होने वाले अफगानिस्तान व बांग्लादेश के मुकाबले पर टिकी है। अगर अफगानिस्तान जीता तो वो सीधे ही सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा तथा ऑस्ट्रेलिया बाहर हो जाएगा। इस मैच में हार-जीत का फैसला रननेट के आधार पर भी होगा।

वेस्टइंडीज के सेंट लूसिया में सोमवार को ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 41 गेंद पर 92 रन की पारी खेली। उन्होंने 7 चौके और 8 सिक्स की मदद से 224 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। एक वक्त उनका स्ट्राइक रेट 300 तक पहुंच गया था। रोहित टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे तेज सेंचुरी बनाने से चूक गए, हालांकि सबसे तेज हाफ सेंचुरी जमाई। रोहित के अलावा, सूर्यकुमार (31), शिवम दुबे (28) और हार्दिक पंड्या (27) ने टीम का स्कोर 205 तक पहुंचाया। टीम ने इस टी-20 वर्ल्ड कप में पहली बार 200 का स्कोर खड़ा किया है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड ने 4 ओवर में सिर्फ 14 रन दिए और एक विकेट लिया। हेजलवुड के अलावा हर बॉलर ने अपने ओवर्स में 10 से ज्यादा रन दिए। रन चेज में ऑस्ट्रेलिया ने 13 ओवर में दो विकेट पर 128 रन बना लिए थे। उसके बाद आखिरी के 7 ओवर्स में भारतीय गेंदबाजों ने जोरदार वापसी की और कंगारू टीम को 20 ओवर में 181/7 के स्कोर पर रोक दिया।



## वेस्टइंडीज को हराकर दक्षिण अफ्रीका पहुंची सेमीफाइनल में

नॉर्थ साउंड, 24 जून। तबरेज शम्सी (तीन विकेट) और अन्य गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन और उसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स (29) और हाइनरिक क्लासन (22) रनों की पारियों की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्वकप के सुपर आठ ग्रुप दो के वर्षा प्रभावित मुकाबले में वेस्टइंडीज को हराकर तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

सर विवियन रिचड्र्स स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 136 रन का लक्ष्य दिया था। दक्षिण अफ्रीका की पारी में हुई बारिश के कारण डकवर्थ लुईस नियम के तहत तीन ओवर घटाकर 17 ओवर में 123 रन का लक्ष्य कर दिया गया। जिसे दक्षिण अफ्रीका ने 16.1 ओवर में 7 विकेट पर 124 रन बनाकर हासिल कर लिया।

वेस्टइंडीज ने रॉस्टन चेज (52) रन की अर्धशतकीय और काइल मेयर्स (35) रनों की पारियों के दम पर आठ विकेट पर 135 रन का स्कोर खड़ा किया था। रोस्टन ने 39 गेंदो में (52) रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। टी-20 विश्व कप में यह उनका पहला और टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा अर्धशतक है। आंद्रे रसल (25) और अल्जारी जोसेफ नाबाद ने (11) रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। दक्षिण अफ्रीका की ओर से तबरेज शम्सी ने तीन विकेट लिये। मार्को यानसन, एडन मारक्रम, केशव महाराज और कगिसो रबाडा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

136 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी रही। दो ओवर के बाद बारिश आने से दक्षिण अफ्रीका टीम को 17 ओवर में 123 का संशोधित लक्ष्य मिला। एक समय दक्षिण अफ्रीका ने 42 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये थे। रीजा हेंड्रिक्स(शून्य), क्विंटन डिकॉक (12) और कप्तान एडन मारक्रम (18) रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स 27 गेंदों में (29), हाइनरिक क्लासन 10 गेंदों में (22) और मार्को यानसन ने 14 गेंदों में नाबाद (21) रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका ने 16.1 ओवर में सात विकेट पर 124 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया। वेस्टइंडीज की ओर से रोस्टन ने तीन विकेट लिये। आंद्रे रसल और अल्जारी जोसेफ ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

## गोल्फर अदिति और दीक्षा ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया



नयी दिल्ली, 24 जून। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के टिकट हासिल कर लिये। दोनों महिला खिलाड़ियों से पहले शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर (पुरुष वर्ग) ने भी ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन पक्का कर लिया था। इससे चार सदस्यीय भारतीय टीम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होने वाले खेलों में चुनौती पेश करेंगी। अदिति पहली भारतीय गोल्फर है जो तीसरी बार ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। दीक्षा के लिए यह दूसरा मौका होगा तो वहीं शुभंकर और भुल्लर पहली बार इन खेलों में चुनौती पेश करेंगे।

ओलंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति ने ही किया है। वह तोक्यो ओलंपिक में पदक से चूक कर चौथे स्थान पर रही थी। ओलंपिक प्रविष्टियां भारतीय गोल्फ संघ द्वारा भेजी जाती हैं। ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन रैंकिंग द्वारा निर्धारित की जाती है, जो आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग (ओडब्ल्यूजीआर) के माध्यम से 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों तक सीमित है। ओडब्ल्यूजीआर में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए पात्र होते है। इसमें एक देश से अधिकतम चार गोल्फरों की अनुमति है।

इसके बाद ओलंपिक गोल्फ रैंकिंग (ओजीआर) के आधार पर खिलाड़ियों को कोटा मिलता है। इसमें एक देश से अधिकतम दो खिलाड़ी जगह पात्र होते है बशर्ते उस देश को ओडब्ल्यूजीआर के कोटे से जगह नहीं मिली हो। अदिति 24वें स्थान के साथ भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी है जबकि दीक्षा 40वें पायदान पर है। दीक्षा ओलंपिक और डेफलंपिक्स (बधिर खिलाड़ियों का विशेष ओलंपिक) में भाग लेने वाले इकलौती गोल्फर है। डेफलंपिक्स में उनके नाम दो पदक है।

## उरुग्वे ने कोपा अमेरिका कप में पनामा पर 3-1 की जीत से अपना अभियान शुरू किया

मियामी गार्डन्स, 24 जून। उरुग्वे ने कोपा अमेरिका कप फुटबॉल का खिताब रिकॉर्ड 16वीं बार जीतने के लक्ष्य के साथ अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप सी में पनामा पर 3-1 की जीत के साथ की। उरुग्वे की टीम इस मैच में देश के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले दिग्गज लुइस सुआरेज के बिना मैदान में उतरी थी।

मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 16वें मिनट में उरुग्वे का खाता खोला जबकि डार्विन नुनेज (85वें मिनट) और मैटियास विना ने आखिरी पलों में छह मिनट के अंदर दो गोल टीम की जीत को पक्का कर दिया। इस पूरे मैच में उरुग्वे का दबदबा रहे जो 20 बार पनामा की रक्षापंक्ति को भेदने में




सफल रहा। इसमें से उसके सात प्रयास निशाने पर रहे और तीन गोल में बदले। पनामा के लिए अमीर मुरिलो ने स्टॉपेज समय ने गोल कर हार के अंतर को कम किया। ग्रुप सी के एक अन्य मैच में अमेरिका ने बोलीविया को 2-0 से हराया। उरुग्वे अब गुरुवार को न्यूजर्सी में बोलीविया का सामना करेगा जबकि इसी दिन अमेरिका के सामने पनामा की चुनौती होगी।

## एमिटी और एम 2 एम का मुकाबला रहा ड्रॉ

नयी दिल्ली, 24 जून। डीएसए ए डिवीजन लीग में अजेय चल रही टीमों एमिटी इंडियन नेशनल एफसी और एम 2 एम एफसी ने ड्रॉ खेल कर सीनियर डिवीजन में प्रवेश की संभावना को बनाए रखा है। नेहरू स्टेडियम पर खेले गए सुपर सिक्स के संघर्षपूर्ण मैच में दोनों का मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा। इस प्रकार दोनों ने दो जीत और एक ड्रॉ से कुल सात अंक बना लिए हैं। सुपर सिक्स की दौड़ में नोएडा सिटी एफसी तीन मैच जीत कर नौ अंकों के साथ टॉप पर है। पिछले प्रदर्शन को देखते हुए एमिटी इंडियन नेशनल का पलड़ा भारी नजर आ रहा था लेकिन एम 2 एम ने अनुमान को गलत साबित करते हुए न सिर्फ बेहतर प्रदर्शन किया पहले बढ़त बनाने वाला गोल भी जमाया। 45वें मिनट में गोल मुहाने पर मची रेल पेल के चलते रक्षापंक्ति के खिलाड़ी निखिल रावत ने प्रतिद्वंद्वी गोली आशीष को गलती करने पर मजबूर किया।

## नाइट क्लब जाने से टी-20 विश्वकप से बाहर नहीं हुई श्रीलंका टीम : खेलमंत्री

कोलंबो, 24 जून। श्रीलंका के खेलमंत्री हारिन फर्नांडो ने सोमवार को आलोचकों से कहा कि वे साबित करके दिखायें कि श्रीलंकाई क्रिकेट टीम कथित तौर पर नाइट क्लब जाने के कारण टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर हो गई। श्रीलंका ग्रुप डी में तीसरे



स्थान पर रहने के बाद सुपर आठ चरण में नहीं पहुंच सकी। टीम बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका से हार गई जबकि नेपाल के खिलाफ मैच बारिश की भेंट हो गया। उसने एकमात्र जीत नीदरलैंड के खिलाफ दर्ज की। फर्नांडो ने कहा, "मैं उन्हें (आलोचकों को) चुनौती देता हूं कि वे इसे साबित करे। अगर वे ऐसा कर सके तो मैं पद से इस्तीफा दे दूंगा।" ऐसा आरोप लगाया जा रहा है कि देर रात तक नाइट क्लब में रहने के कारण टीम अभ्यास सत्र में देर से पहुंची थी। फर्नांडो नवंबर 2023 में रोशन रणसिंघे की जगह खेलमंत्री बने थे।

## जमशेदपुर एफसी ने मुख्य कोच खालिद जमील का करार दो साल के लिए बढ़ाया

जमशेदपुर, 24 जून। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम जमशेदपुर एफसी (जेएफसी) ने मुख्य कोच खालिद जमील की सेवाओं को अगले दो वर्षों के लिए बरकरार रखने की सोमवार को घोषणा की। एएफसी प्रो लाइसेंस धारी कोच खालिद 2017 में सुर्खियों में आये थे जब उनकी देखरेख में आइजोल एफसी ने आई-लीग का खिताब जीता था। उन्होंने पिछले सत्र के मध्य में जमशेदपुर के मुख्य कोच का पदभार संभाला था। जब वह टीम से जुड़े थे उस समय जमशेदपुर एफसी अपने 11 में से केवल दो मैच जीत सका था। उनकी नियुक्ति के बाद टीम के प्रदर्शन में सुधार आया और इस क्लब ने वापसी करते हुए 2024 कलिंगा सुपर कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

**राजधानी**

# बिजनेसमैन के बेटे को बंधक बनाकर 75 लाख रुपए की लूट की वारदात झूठी निकली

**जयपुर।** राजधानी के विधायकपुरी इलाके में गोपालबाड़ी में गोपाल टावर अपार्टमेंट के चौथे फ्लोर पर हथियारबंद बदमाशों ने बिजनेसमैन के बेटे को फ्लैट में बंधक बनाकर 75 लाख रुपए लूट की घटना झूठ निकली है। वारदातों को परिवार के लोगों ने रुपए चोरी कर लूट की कहानी गढ़ दी थी।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश बिश्नोई ने बताया कि बिजनेसमैन के बेटे ने और परिवार के ही अन्य लोगों ने मिलकर फ्लैट से रुपए बैग में भर के निकाले थे। बाद में बिजनेसमैन के बेटे ने पुलिस को लूट की झूठी कहानी बताकर गुमराह किया। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक करने पर एक युवक रुपए से भरा बैग ले जाता हुआ नजर आया। सख्ती से पूछताछ करने पर बिजनेसमैन के बेटे ने वारदात को खुलासा कर दिया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल युवक को सिंधी कैम्प से पकड़ लिया। वहीं उनके रिश्तेदार के यहां से रुपए रिकवर कर लिए। इससे पहले पुलिस ने बताया कि गोपालबाड़ी विधायकपुरी में गोपाल टावर अपार्टमेंट के चौथे फ्लोर पर शराब और प्रॉपर्टी कारोबारी संतोष पूनिया का फ्लैट है। मंगलवार शाम को व्यापारी के फ्लैट पर उनका 12वीं क्लास में पढ़ने वाला बेटा ही मौजूद था। शाम करीब 5





**राजधानी के विधायकपुरी इलाके में गोपालबाड़ी में गोपाल टावर अपार्टमेंट के चौथे फ्लोर पर हथियारबंद बदमाशों द्वारा बिजनेसमैन के बेटे को फ्लैट में बंधक बनाकर 75 लाख रुपए लूट की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की।**

बजे लूट के मकसद से तीन बदमाश फ्लैट पर पहुंचे और बेल बजाई। इस पर बिजनेसमैन के बेटे ने गेट खोला। गेट खुलते ही तीनों बदमाश हथियार दिखाकर अंदर घुस गए और गोली मारने की धमकी देकर रुपयों के बारे में पूछा। बदमाशों ने बिजनेसमैन के बेटे को बंधक बना लिया। इसके बाद बदमाशों ने अलमारी और तिजोरी में रखे 75 लाख रुपए एक बैग में रख लिए। बदमाशों ने बालकनी से बैग को नीचे फेंक दिया और सीढ़ियों से दौड़कर नीचे उतर गए। कुछ दूरी पर खड़ी अल्टो कार में तीनों बदमाश रुपयों से भरा बैग डालकर फरार हो गए। पीड़ित शराब कारोबारी के बेटे ने पुलिस कंट्रोल रूम में लूट की सूचना दी। बदमाशों ने कार अपार्टमेंट के बाहर ही खड़ी कर रखी थी। बदमाश करीब 10 मिनट में पूरी वारदात कर फरार हो गए।

लूट की सूचना मिलने पर विधायकपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने नाकाबंदी करवाने के साथ ही आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालना शुरू किया। पुलिस की कई टीमों को लुटेरों को पकड़ने के लिए अलग-अलग टास्क दिया गया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, लूट करने के तरीके और टाइमिंग को लेकर मामला संदिग्ध लगा। पुलिस को वारदात में नजदीकी रिश्तेदार के शामिल होने का शक है।

बिजनेसमैन के बेटे ने जो घटना बताई वैसा कुछ सीसीटीवी फुटेज में नजर नहीं आ रहा है। सीसीटीवी में एक 24-35 साल का युवक नजर आ रहा है, जो ट्रॉली बैग को आराम से ले जाते दिख रहा है।

शराब व्यापारी के पुत्र अर्जुन ने ही अपने साथी को राशि दी है और उसके बाद पुलिस को झूठी लूट की सूचना दे दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस ने व्यापारी के दोस्त को सिंधीकैंप से पकड़ा है। अब दोनों से आमने-सामने बिठाकर पूछताछ की जा रही है। पड़ोसियों से पूछताछ में सामने आया है कि वारदात के बारे में उनको भी किसी प्रकार की जानकारी नहीं लगी। चीखने की आवाज या शोर-शराबा नहीं सुना।

## एन.टी.ए. और केन्द्र सरकार से मांगा जवाब

**जयपुर,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नीट यूजी-2024 परीक्षा के परिणाम में धांधली, एनटीए की कार्यप्रणाली और सवाई माधोपुर में हिन्दी माध्यम के अभ्यर्थियों को अंग्रेजी माध्यम का पेपर देने से जुड़े मामले में एनटीए और केन्द्र सरकार से दस जुलाई तक जवाब पेश करने को कहा है।

अवकाशकालीन न्यायाधीश अशोक कुमार जैन की एकलपीठ की एकलपीठ ने यह आदेश तनुजा यादव व अन्य की याचिकाओं पर दिए। अदालत ने कहा कि प्रकरण में आठ जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। ऐसे में एनटीए और केन्द्र सरकार दस जुलाई तक हाईकोर्ट में अपना जवाब पेश करें। याचिका में अधिवक्ता आरपी सैनी ने बताया कि याचिकाकर्ता को परीक्षा सेंटर पर पेपर आधा घंटे देरी से दिया गया और समय से पहले ही ले लिया गया। इस तरह उसे पेपर हल करने के लिए पूरा समय नहीं मिला। इसके अलावा नीट पेपर लीक को लेकर बिहार में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके बावजूद भी एनटीए परीक्षा के पेपर लीक नहीं मान रहा है। ऐसे में परीक्षा को रद्द कर नए सिरे से परीक्षा आयोजित की जाए।

# आमजन की मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़े कार्य प्राथमिकता से करें : विश्नोई

**जालोर**, (कासं)। राज्य के उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामले एवं खेल विभाग, कौशल नियोजन, उद्यमिता एवं नीति निर्धारण विभाग के राज्य मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई।

इस अवसर पर उन्होंने राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रगतिरत कार्यों में गति लाते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के साथ ही विभागीय अधिकारियों को जवाबदेही होकर संवेदशीलता के साथ जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने विद्युत, पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को विशेष प्राथमिकता के साथ समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि अवैध जल कनेक्शनों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जावें ताकि निर्बाध पेयजल आपूर्ति हो सकें।

उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत लक्ष्यानुरूप सैंपलिंग करवाकर मिलावटखोरों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



जालोर में उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के. के. विश्नोई ने अधिकारियों की बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

उन्होंने मौसमी बीमारियों को लेकर एन्टी लार्वा एक्टिविटी व फोगिंग के कार्य करवाने की बात कही।उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही मुख्यमंत्री नि:शुल्क व जांच योजना तथा मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में प्रगति देखते हुए विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को सुचारू पेयजल सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए जिले में जालोर, आहोर व भीनमाल शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई व्यवस्था को लेकर विस्तार से जानकारी ली तथा जल जीवन मिशन की विशेष मॉनिटरिंग करते हुए निर्माण कार्यों में गति लाने ,हर घर नल कनेक्शन उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए जिले में सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, पीएम सूर्यघर योजना का प्रसार प्रचार करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

सार्वजनिक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने प्रगतिरत प्रोजेक्ट्स के बारे में जानकारी लेते हुए रोहट से जालोर सड़क मार्ग के मरम्मत कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने पीएम आवास योजना सहित ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए साथ ही मानसून में अभियान रूप में अधिक से अधिक पौधारोपण करवाने की बात कही।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने शिक्षा, वन, कृषि, जल संसाधन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, आबकारी, खनन, पुलिस, उद्योग एवं वाणिज्य सहित विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर पूजा पार्थ ने विभिन्न विभागों के प्रगति की संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में जिला प्रमुख राजेश कुमार, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, श्रवणसिंह राव, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता पी.एस.राठौड़, सार्वजनिक निर्माण विभाग के एसई चतुर्भज खुडीवाल, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता आर.सी.मीना, नर्मदा प्रोजेक्ट के अधिशासी अभियंता आशीष द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## धन दुगुना हुआ नहीं, युवक ने जान दी


**जोधपुर**, (कासं)। झालामंड स्थित हनुमान दड़ी में रहने वाले एक युवक ने अपने घर में जहर खा लिया। तबीयत बिगडऩे पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर अब उसकी मौत हो गई। मृतक के चाचा ने एक व्यकित पर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेररित किए जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी है। मृतक को धन दुगुना करने का प्रलोभन देकर लाखों रूपए ऐंठ लिए गए। आखिर में नामजद आरोपी ने रूपए देने से इंकार कर दिया। कुड़ी भगतासनी पुलिस ने अब नामजद आरोपी के खिलाफ जांच आरंभ की है।

बोरानाडा स्थित जाटों का बास निवासी पूनाराम पुत्र लिखमाराम जाट की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका भतीजा बेनाराम जाट झालामंड हनुमान दड़ी में परिवार के साथ रहता था। उसके एक परिचित मधुबन हाउसिंग बोर्ड निवासी दिनेश गहलोत ने उसे धन दुगुना करने का प्रलोभन दिया था। बेनाराम ने उसे अपनी पुश्तैनी जमीन का 64 लाख, पत्नी के जेवर के सात लाख और अन्य स्थान के लोन के 25 लाख रूपए दिए थे। बेनाराम को रूपयों की जरूरत होने पर दिनेश गहलोत से बात की तो वह रूपए देने में आनाकानी करने के साथ बाद में उसने रूपए देने से इंकार कर दिया। इससे बेनाराम अवसाद में आ गया। उसने 21 जून को अपने घर में विषाक्त पदार्थ खा लिया। जिस पर तबीयत बिगडऩे पर उसे एमडीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उसकी जेब में एक सुसाइड नोट लिखा था जिसमें दिनेश गहलोत से तंग परेशान करने का आरोप लगाया था। बेनाराम की 22 जून को एमडीएम अस्पतात में मौत हो गई। शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया गया।

### सार-समाचार

## खोजा तीसरी बार उपाध्यक्ष बने

**जोधपुर**, (कासं) । राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का प्रदेश महासमिति अधिवेशन धौलपुर में आयोजित किया गया।जिसमें जोधपुर संभाग के उपाध्यक्ष पद पर रूपाराम खोजा लगातार तीसरी बार निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसी प्रकार प्रदेश उपसभाध्यक्ष पद पर रुपाराम रलिया निर्वाचित हुए। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि संभाग के शिक्षको के हितार्थ के लिए सदैव समर्पित भाव से कार्य करता रहूंगा, शिक्षको की हर समस्या के समाधान के लिए सदैव कृतसंकल्प रहूंगा।इस महासमिति अधिवेशन में प्रदेश सह संगठन मंत्री नरेश सोलंकी, किशनाराम वणल, सुभाष विश्नोई, महानगर अध्यक्ष ओमप्रकाश जाखड़, वरिष्ठ शिक्षक नेता केशवराम डूडी, निम्बाराम डूडी जिला संगठन मंत्री सहीराम विश्नोई,मण्डोर अध्यक्ष ओमप्रकाश धूण, तिंवरी अध्यक्ष अचलाराम,केशाराम इणकिया,मुन्ना राम,जगदीश प्रजापत, सताराम सोलंकी,ढगलचन्द आर्य, झूमरलाल मेघवाल, अनिता सोलंकी जिला महिला मंत्री, लक्ष्मी विश्नोई,योगिता गुर्जर , मुकेश आचार्य, बालोतरा जिलाध्यक्ष लाखसिह डुंगरोत, जैसलमेर अनोपसिंह, नटवरलाल व्यास, फलोदी जिलाध्यक्ष नरपतसिंह,रामनारायण विश्नोई, मांगीलाल ढाका और बाड़मेर से रेवूराम सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।


रूपाराम खोजा

## पंचायत व खंड पर लगेंगे विशेष शिविर

**जालोर**, (कासं)। औद्योगिक विकास में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्गो की प्रभावी भागीदारी के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत पंचायत व खण्ड स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्राम राम देवासी ने बताया कि शिविरों में विभागीय योजनाओं से संबंधित जानकारी दी जायेगी तथा इच्छुक उद्यमियों के मौके पर आवेदन तैयार करवाकर जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा आवेदन पत्र जमा किये जायेंगे। शिविर में पात्र व्यक्तियों को योजना के तहत उद्यम की स्थापना, विस्तार, विविधीकरण व आधुनिकीकरण के लिए विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता, अनुदान एवं अन्य सुविधाओं संबंधी प्रावधान से संबंधित जानकारी प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत 27 जून को प्रात: 11.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक भीनमाल, 3 जुलाई को प्रात: 11.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे आहोर, 9 जुलाई को प्रात: 11.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक जालोर, 12 जुलाई को प्रात: 11.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक सायला, 16 जुलाई को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक जसवन्तपुरा, 23 जुलाई को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक बागोड़ा, 25 जुलाई को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक चितलवाना, 26 जुलाई को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक रानीवाड़ा, 30 जुलाई को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक सांचौर तथा 31 जुलाई को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक सरनाऊ में शिविर लगााए जाएंगे।

## नाहटा हॉस्पिटल का निरीक्षण किया

**बालोतरा**, (निसं)। जिला कलेक्टर बालोतरा के आदेश अनुसार अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला बालोतरा भुवनेश्वर सिंह चौहान ने आज आकस्मिक रूप से नाहटा हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रतिदिन मंगाये जा रहे ऑक्सीजन सिलेंडर के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा खराब पडे चारों ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया तत्पश्चात टेक्नीशियन को बुलाकर दुरुस्त करने हेतु अनुमानित लागत निकालने के निर्देश प्रदान किए तथा आगामी सप्ताह के भीतर आवश्यकता अनुसार प्लांट प्रारंभ करने के निर्देश प्रदान किया इसके पश्चात शिशु कल्याण केंद्र का निरीक्षण किया तथा प्रतिदिन नवजात शिशुओ को किस तरह से देखभाल करनी है उसके लिए दोपहर में 12:00 बजे से ०1:00 बजे तक परिवार के लोगों को विशेष रूप से शिशु की माता को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए तथा यह भी कहा की प्रतिदिन यह परिवार केंद्रित देखभाल केंद्र व्यवस्थित रूप से चले तथा नवजात शिशु हेतु बनाए गए वार्ड का अवलोकन किया जहां माकूल व्यवस्थाएं देखकर प्रसन्नता व्यक्त की साथ ही कंगारू मदर केयर अर्थात केएमसी विधि से बालकों को प्रि-मैच्योर डिलीवरी से किस तरह से सुरक्षित रखा जाए इस विधि को माता द्वारा अधिक से अधिक उपयोग लेने के निर्देश प्रदान किए साथ ही बाहर लगे हुए तीन साइड में टीनशेड में पंखों की कमी को भी तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि अस्थाई रूप से ओपीडी के लिए आ रहे मरीज को बैठाने में अच्छी सुविधा प्राप्त हो सके।

## दो ई-मित्र कियोस्कों पर शास्ति लगाई

**जालोर**, (कासं)। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग जालोर द्वारा नियमों के विरूद्ध कार्य किये जाने पर दो ई-मित्र कियोस्क धारकों पर शास्ति आरोपित करने के साथ ही उन्हें इस प्रकार के कृत्य की पुनरावृत्ति नहीं करने के लिए पाबंद किया गया हैं। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक) योगेश कुमार ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग जालोर द्वारा 22 जून, 2024 को जालोर जिले जसवंतपुरा उपखण्ड क्षेत्र में ई-मित्र कियोस्कों का औचक निरीक्षण किया गया तथा जांच में दो ई-मित्र धारक राज्य सरकार के नियमों के विरूद्ध कार्य करते हुए पाये गये। जांच रिपोर्ट के आधार पर सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग जयपुर के दिशा-निर्देशों के अनुसरण में जसवन्तपुरा क्षेत्र में ई-मित्र कियोस्क धारक तारा कंवर पर अधिक राशि लेने पर 5 हजार रूपयों की शास्ति तथा यूनिक कम्प्यूटर के ई-मित्र कियोस्क धारक देवी सिंह को निर्धारित स्थान पर कार्य नहीं करने पर राजधरा सर्वे एप द्वारा 1 हजार की शास्ति आरोपित की गई है साथ ही इन्हें भविष्य में इस तरह के कृत्य की पुनरावृत्ति नहीं करने के लिए पाबंद किया गया हैं।

## मोबाइल रिपेयरिंग दुकान में सैंध लगी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के आखलिया चौराहा के पास में रात को एक दुकान में नकबजन ने सैंध लगा ली। दुकान से 10-15 पुराने रिपेयरिंग के मोबाइल के साथ परचूनी सामान चोरी कर ले गया। प्लास्टिक कट्टा साथ लाया और सामान भर कर ले गया। आज सुबह दुकानदार आया तो चोरी का पता लगा। देवनगर पुलिस सूचना पर वहां पहुंची और मौका मुआयना किया। सीसीटीवी फुटेज में एक नकबजन नजर आया है। दुकानदार जितेंद्र चौधरी का कहना है कि आखलिया चौराहा के समीप उसकी एक मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान कुंमकुंम मोबाइल नाम से आई हे। रविवार रात में वह दुकान मंगल कर घर चला गया। आज लौटा तो शटर का ताला टूटा मिला। शातिर नकबजन वहां से 10-15 पुराने रिपेयरिंग के मोबाइल, परचूनी आइटम गुटखा, बीडी, सिगरेट आदि प्लास्टिक कट्टे में भर कर ले गया। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में नकबजन नजर आया है। जितेंद्र चौधरी की तरफ से देवनगर थाने में प्राथमिकी दी गई है। उसका कहना है कि पूर्व में उसकी दुकान में चोरी की घटनाएं हो चुकी है। पुलिस गश्त के बावजूद दुकान में फिर से चोरी हुई है।

## छेड़छाड़ पर टोका, बदमाशों ने पीटा

**जोधपुर**, (कासं)। बनाड़ स्थित खोखरिया के पास में गाड़ी सर्विस सेंटर पर आकर कुछ बदमाशों ने संचालक से मारपीट की। जिससे उसके हाथ पैर में फ्रेक्चर होने के साथ वह बुरी तरह घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। बदमाशों ने सर्विस सेंटर से 15 हजार रूपए भी लूट लिए। बदमाशों ने पीड़ित की भतीजियों से छेड़छाड़ की थी। इसका विरोध जताया गया था। बनाड़ पुलिस अब जांच कर रही है। मूलत: गंगाणी करवड़ हाल खोखरिया में गाड़ी का सर्विस सेंटर चलाने वाले एक शख्स की तरफ से यह मामला दर्ज करवाया गया है। इसमें बताया कि 23 जून को इदरिश खान, वीरेंद्र आदि उसकी दो भतीजियों से छेड़छाड़ के साथ परेशान कर रहे थे। तब उन्हें समझाया गया और वे मारपीट पर उतारू हो गए। इसके बाद वह अपने सर्विस सेंटर पर बैठा था तब उक्त लोग हाथों के लाठी डंडे आदि लेकर आए मारपीट की। जिससे उसका हाथ और फे्रक्चर हो गया। आरोपियों ने उससे 15 हजार रूपए भी छीन लिए। जाते हुए धमकी दी गई।

## युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**जोधपुर**, (कासं)। बोरानाडा पुलिस ने बताया कि आशापूर्णा रैन बसेरा में रहने वाले सनी रामदेव पुत्र कन्हैयालाल ने अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। उसके आत्महत्या किए जाने का कारण पता नहीं चला है। पिता कन्हैयालाल ने मर्ग की रिपोर्ट दी।

### सार-समाचार

## महिलाओं को प्रशिक्षण दिया

**बालोतरा**, (निसं)। महिला मानव जीवन का आधार है दुनिया में महिलाओं की आधी आबादी है जिसकी कद्र व सम्मान भागीदारी आवश्यक है धरातल पर महिलाओं की सहभागिता व निर्णय भागीदारी पर वर्तमान में समीक्षा जरूरी है। यह उदगार अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सौरभ ने सवेरा संस्थान बालोतरा द्वारा आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम दो दिवसीय सखी सहेली जेंडर क्षमतावर्धन प्रशिक्षण में व्यक्त किये। इस अवसर पर दक्ष प्रशिक्षक आकाश पालीवाल जयपुर ने संवैधानिक मूल्य, महिला हिंसा निराकरण सामुदायिक कार्यशैली, जेंडर क्षमतावर्धन व सामाजिकीकरण के मुद्दे पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई कार्य म में सहायक समन्वयक टीपू भादू, सुशीला पालीवाल, सीमा कंवर, सागर, डिम्पल सांभरा, चांदनी चौधरी, रुकमणी माजीराणा सहित ग्राम स्तरीय सखी सहेली महिलाओं की भागीदारी रही। अंत में सवेरा संस्थान सचिव खींयाराम चौधरी ने प्रशिक्षण की सीख को समुदाय स्तर पर शैक्षणिक जुडाव व महिला सशक्तिकरण में भागीदारी का आव्हान करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सिमरथाराम पथिक, किशन बांगडवा, मांगीलाल सारण सहित कई लोग शरीक हुए।

## मारवाड़ बारिश के लिए तरस रहा

**जोधपुर**, (कासं) । दक्षिण पश्चिमी मानसून अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। अरब सागर में बनी नमी से प्रदेश में मानसून के एक दो दिन में सक्रिय होने के आसार बने है। मारवाड़ पर बादलों की आवाजाही बनी हुई है, मगर अब तक प्री मानसूर की बारिश नहीं होने से लोग निराश से हो गए है। आसमां पर टकटकी निगाह जमाकर बैठे है, कब बारिश होगी। सोमवार को जोधपुर शहर और ठाामीण इलाकों में सुबह से बादलों का झुरमुट नजर आ रहे थे।। काले घने बादल छाए होने उपरांत भी दोपहर तक बारिश नहीं हो पाई। भीषण गर्मी और उमस की मार लोगों को झेलनी पड़ रही है। मौसम विभाग की मानें तो 26 जून से प्रदेश में मानसून प्रवेश करेगा। इसके बाद यह धीरे- धीरे प्रदेश पर छाएगा। यानी अब मारवाड़ में सीधे मानसून की बारिश के आसार बने है। आज बादलों के छाने से सूर्यदेव जरूर उनकी ओट में छुपे रहे मगर उमस ने आमजन जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। हालांकि मंडोर एरिया में रविवार को बारिश होने से लोगों को राहत महसूस हुई थी।

## एडवरटाइजिंग कार्यालय में चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के प्रतापनगर स्थित आदर्श वाटिका के पास में एक एडवरटाइजिंग कार्यालय में चोर ने सैंध लगाकर वहां से पांच हजार की नगदी के साथ एक टीवी की हार्ड डिस्क चोरी कर ले गया। कार्यालय में लगी सीसीटीवी फु टेज में शातिर नकबजन नजर आया है। पुलिस अब इसकी पहचान के साथ तलाश में लगी है। ई -161 हुडको क्वार्टर कमला नेहरू नगर प्रतापनगर निवासी भारतेंदु वैष्णव पुत्र माधव दास की तरफ से मामला दर्ज कराया गया। इसमें बताया कि उसका एक एडवरटाइजिंग का कार्यायल आदर्श वाटिका के पास में निया एडवरटाइजिंग से नाम से आया है। 22 जून को वह कार्यालय मंगल कर घर चला गया। सुबह आने पर कार्यालय के ताले टूटे मिले। अज्ञात नकबजन ने कार्यालय के गल्ले से पांच हजार की नगदी के साथ एक टीवी की हार्डडिस्क चोरी कर ले गया। सीसीटीवी फुटेज में नकबजन नजर आया है। प्रतापनगर पुलिस जांच कर रही है।

## नर्सिंग व पैरामेडिकल के आवेदन आज से

**जोधपुर**, (कासं) । राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की ओर से नर्सिंग, पैरामेडिकल और फिजियोथेरेपी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अभ्यर्थी 25 जून से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा की तिथि बाद में घोषित की जाएगी। संभवत: अगस्त में परीक्षा का आयोजन किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी 25 जून से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 16 जुलाई रखी गई है। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार के लिए 19 से 20 जुलाई का समय दिया जाएगा।

# बनाड़ स्कूल में प्रवेशोत्सव हुआ

**जोधपुर**, (कासं)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में सोमवार को बालवाटिका 3 एवं कक्षा प्रथम में नव आगंतुक नन्हें मुन्ने बच्चों का स्वागत कर प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों ने बच्चों का स्वागत गीत, संगीत और नृत्य से किया।

विद्यार्थियों ने प्लास्टिक के दुरुपयोग पर संदेशपरक लघु नाटिका प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने दिव्यांगजनों हेतु विशेष शिक्षा के बारे में जागरूकता एवं सरकारी प्रयासों व योजनाओं के सम्बन्ध में एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। प्राचार्य विष्णु दत्त टेलर ने अभिभावकों का स्वागत किया। नव प्रवेशित बच्चों को उपहार दिये। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक ओमप्रकाश ने किया। शिक्षक गिरीन्द्र तलेगाँवकर, नरेन्द्र कुमार सोलंकी, विजयप्रकाश, रजनी लुगारिया, मोहन लाल सुथार, विकास जांगिड़, शोभारानी, प्रीति, पंकज, संगम का विशेष योगदान रहा।

## मुख्यमंत्री के संवाद की तैयारी पर चर्चा की

**बालोतरा**, (नि.सं.)। राज्य सरकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 27 जून को बढ़ी हुई राशि पेंशनर्स के खातों में हस्तातंरित की जाएगी। इसके लिए जिला,ब्लाक एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर कार्यक्रम आयोजित होंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके साथ ही मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव-2024 के दौरान 29 जून को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा नव-नियुक्त राजकीय कार्मिकों को संबोधित करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री जी चयनित कार्मिकों से संवाद भी करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान उन्हें नियुक्ति पत्र दिए जायेंगे।

कार्यक्रम की पूर्व तैयारियों को लेकर जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में जिला कलक्टर सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

जिला कलैक्टर ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

जिला स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को नवनियुक्त राजकीय कार्मिकों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए।

आयोजित बैठक के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, उपखंड अधिकारी राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने का विरोध


जालोर में बेरोजगार युवा संघ ने कलैक्ट्रेट के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर में बेरोजगार संघ ने राज्य सरकार की ओर से तृतीय श्रेणी भर्ती परीक्षा में महिलाओं का आरक्षण पचास प्रतिशत करने पर सोमवार को कलैक्ट्रेट के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। जिला कलैक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपकर महिला आरक्षित कोटे को पुन: 30 प्रतिशत करने की मांग की गई।

राज्य सरकार द्वारा तृतीय श्रेणी भर्ती परीक्षा में महिला आरक्षण तीस प्रतिशत से बढकर पचास प्रतिशत करने करने पर बेरोजगार युवाओं ने कलेक्ट्रेट के सक्षम विरोध प्रदर्शन आरक्षण कोटे तीस प्रतिशत करने की मांग की गई। महिलाओं का पचास प्रतिशत आरक्षण करने से युवा बेरोजगार को सीधा नुकसान होगा। तथा आरक्षण का लाभ अधिक महिलाओ को मिलने से करीब 12 से 13 प्रतिशत पुरूष वर्ग के लिए रहेगा। यह निर्णय पुरुष वर्ग के लिए किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं है। ज्ञापन में बताया कि महिला सशक्तिकरण के चक्कर में पुरूष वर्ग के लिए नौकरी के अवसर बंद होते नजर आ रहे है। महिला सशक्तिकरण करने के लिए विधानसभा, संसद राजनीति में कोटे बढाकर कर सकते है।

ज्ञापन में बताया कि महिलाओ को दिये गये पचास प्रतिशत आरक्षण को घटाकर पुन: तीस प्रतिशत करने की मांग की गई। इस दौरान काफी संख्या में बेरोजगार संघ के युवा मौजूद थे।

# जिला कारागृह को पंखे व कूलर भेंट किए



जालोर कारागृह में भामाशाह के सहयोग से लियनेस क्लब ने पंखे व कूलर भेंट किये। फोटो-राष्ट्रदत

**जालोर**, (कासं)। जिला कारागृह जालोर में लियनेस क्लब जालोर की ओर से श्री राम ग्रेनाइट के सहयोग से गर्मी के मौसम में जिला कारागृह में बंदियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए 5 पंखे एवं दो कूलर भेंट किए।

कार्यक्रम संयोजक सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान ने बताया कि लियनेस क्लब ने जिला कारागृह में बंद बंदियो को गर्मी से राहत दिलाने के लिए भामाशाह सुखराम चौधरी श्रीराम ग्रेनाइट 100 परसेंट ईआयू द्वारा उनके प्रतिनिधि शारदा चौधरी ने जेल उपाधीक्षक संपत्ति बामनिया को जिला कारागृह को पांच पंखे एवं दो कुलर भेंट किये। इससे पूर्व लियनेस क्लब द्वारा जिला कारागृह में बंदियों के लिए वाटर कूलर भी लगाया गया है। जिला कारागृह में पंखे एव कुलर भेंट करने पर जेल उपाधीक्षक बामनिया ने भामाशाह एवं लियनेस क्लब का आभार प्रकट किया। वहीं लियनेस क्लब ने जिला कारागृह को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। लियनेस क्लब समाज सेवा के कार्य में हमेशा अग्रणी रहते हैं।

इस दौरान लियनेस क्लब की शकुन्तला मूंदडा, अनिता जेथलिया, कुसुम बंसल, पायल सिद्धावत, राजकुमारी गोयल, जेलर कानाराम, मुख्य प्रहरी कैलाश बेरवा, किशन लाल बामनिया, प्रहरी महावीर कुमार, महिला प्रहरी सुमन, सुमित्रा, आरएसी जवान ओमा राम आदि मौजूद थे।

## ए.एन.एम. से दुष्कर्म के खिलाफ प्रदर्शन

**जोधपुर**, (कासं) । अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के बैनर तले कर्मचारियों ने चूरू जिले में एक एएनएम से हुए दुष्कर्म के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी व कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। साथ ही अपनी मांग का जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा।

महासंघ के शंभुसिंह मेड़तिया ने बताया कि चूरू जिले के सुजानगढ़ में एक पीएचसी में एएनएम के साथ स्थानीय समाजकंटक द्वारा की गई दुष्कर्म की शर्मनाक घटना का अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ पुरजोर विरोध करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक घटना है। राज्य में कार्यरत महिला कार्मिक सुरक्षित नहीं है। इस प्रकार की घटनाएं राज्य सरकार की कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह हैं। यह घटना 19 जून को घटित हुई लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक अपराधी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

कर्मचारियों ने आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर पीड़िता को न्याय दिलवाने की मांग की जिससे कार्मिक भयमुक्त होकर राज्य सेवा का निर्वहन कर सके।

इस दौरान उन्होंने चेतावनी दी है कि दो दिवस में आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गय तो महासंघ राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेगा।

# बांदीकुई में आर.पी.एफ. जवानों ने परिवार से बदसलूकी की

- परिवार ने जोधपुर रेलवे स्टेशन पर आकर आरपीएफ में शिकायत दर्ज कराई

**जोधपुर**, (कासं)। अपने परिवार के साथ अयोध्या गए बाड़मेर के लोगों को वापसी आते समय बांदीकुई में आरपीएफ के जवानों द्वारा परिवार के साथ बदतमीजी करते हुए मारपीट की गई और परिवार के एक सदस्य को जबरदस्ती ट्रेन से उतार कर आरपीएफ के जवानों ने पकड़ लिया। परिवार ने यहां जोधपुर रेलवे स्टेशन पर आकर आरपीएफ में शिकायत दर्ज कराई है। बाड़मेर के आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि वह परिवार सहित अयोध्या गए थे। वापसी में ट्रेन में सवार थे तब बांदीकुई के पास में खुद को आरपीएफ का जवान बताने वाले एक शख्स ने बदतमीजीपूर्वक व्यवहार किया और उनका सामान लेकर चले गए। गुप्ता के अनुसार उनकी प्रशासन की तरफ से कोई मदद नहीं की गई। ट्रेन में भी टीटी को आना चाहिए था मगर वह नहीं आया। परिवार के सदस्य को थाने में ले जाया गया, जबकि उनकी सीटों पर चार महिने पहले रिजर्वेशन कर यात्रा कर रहे थे। बावजूद इसके आरपीएफ का जवान बताने वाले शख्स ने गलत व्यवहार किया। उन्होंने जोधपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर यहां आरपीएफ जवान की शिकायत दी है।155 मरीजों को नि:शुल्क जांच एवं परामर्श दिया गया।

# सूरसागर में कई घरों की छतों पर पत्थरों के ढेर नज़र आए

## ड्रोन कैमरे से हुए सर्च ऑपरेशन में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

- विशेष स्पैशल टास्क फोर्स दस्ता भेजकर छतों से पत्थर हटाए गए। कुल दो ट्रॉली भरकर पत्थर निकले।
- पुलिस ने आशंका जताई कि, यह माहौल बिगाड़ने की साजिश का अंग है। इसके लिए मकान मालिकों से सख्त पूछताछ की जाएगी।
- ज्ञातव्य है कि, सूरसागर क्षेत्र में ईदगाह की दीवार से गेट निकालने को लेकर क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव हो गया था। इस दौरान एक दुकान जला दी गई, पुलिस पर भी पथराव किया गया, जिसमें दो पुलिस अफसर घायल हो गए।
- पुलिस की सख्ती के बाद से फिलहाल तो माहौल शांत है तथा सूरसागर, प्रताप नगर, देव नगर व राजीव गांधी नगर, थाना क्षेत्र में धारा 144 लागू है।

जोधपुर, 24 जून (कासं)। जोधपुर के सूरसागर में उपद्रव के बाद पुलिस ने सूरसागर इलाके की तलाशी में ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि यहां कई घरों की छत पर पत्थरों के ढेर लगे हुए थे। ड्रोन कैमरे में ये सब नजर आने के बाद पुलिस ने एस.टी.एफ. टीम को फौरन इन घरों की छत पर भेजा और यहां से 2 ट्रॉली से ज्यादा पत्थर बरामद किए। अब पुलिस इन मकान मालिकों पर कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

पुलिस को आशंका है कि यहां छतों पर जमा किए गए पत्थरों से एक बार फिर माहौल बिगाड़ने की साजिश रची जा रही थी। इसी के चलते रविवार को इस इलाके में ड्रोन सर्वे करवाया गया था। आधा दर्जन से ज्यादा घरों की छत पर पत्थरों का ढेर देखा गया। पुलिस ने सभी संबंधित मकान मालिकों के नाम-पते नोट कर लिए। अब जल्द ही इन्हें पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

उपद्रव के आरोप में 67 लोगों पर नामजद मामला दर्ज किया गया है। अब तक 43 लोगों को गिरफ्तारी हो चुकी है। उपद्रव के तीसरे दिन रविवार को सूरसागर इलाके का पूरा बाजार बंद रहा। ओमवार को क्षेत्र में शांति रही।

रविवार को कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की थी। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की एकतरफा कार्रवाई न की जाए। लेकिन दोषियों को बख्शा न जाए। प्रतिनिधिमंडल में भोपालगढ़ विधायक गीता बरवड़, कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी रहे करण सिंह उचियारड़ा और जोधपुर नगर निगम उत्तर की महापौर कुंती देवड़ा शामिल थे।

गौरतलब है कि सूरसागर थाना इलाके की राजाराम सर्किल स्थित ईदगाह के मुख्य गेट के पास कुछ दुकानें हैं। गुरुवार को गेट निकालने का काम शुरू किया गया था। बस्ती में रहने वाले कुछ लोग गेट निकालने का विरोध कर रहे थे। दो दिन में दो बार दोनों पक्षों के बीच विवाद हो चुका था। पुलिस ने मामला शांत करवा दिया था।

इसके बाद शुक्रवार को फिर गेट निकालने की कोशिश हुई तो बस्ती के लोगों ने विरोध शुरू कर दिया था। वे गेट निकालने के काम को बंद करने की बात पर अड़ गए थे। तब दूसरे पक्ष के लोग भी वहां आ गए और गेट बनाने के लिए अड़े रहे। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए थे।

शुक्रवार रात को हुए उपद्रव में लोग छतों से पथराव कर रहे थे। इसमें 16 पुलिसकर्मी फंस गए थे। दो बार पुलिस के जवान पीछे हटे। उपद्रवियों ने एक दुकान में आग भी लगा दी थी। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। करीब तीन घंटे तक यह हंगामा चलता रहा। पथराव में चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना के थानाधिकारी नितिन दवे और शास्त्री नगर थाना के सब इंस्पेक्टर शैतान सिंह भी घायल हुए थे।

जोधपुर वेस्ट डीसीपी राजेश कुमार यादव ने बताया कि लोकल एरिया में तो हम ऐसे उपद्रवियों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं, जो भी दंगा भड़काने का प्रयास कर रहे हैं, उन्हें पकड़ा जा रहा है।

सूरसागर में दो पक्षों में विवाद के बाद सूरसागर, प्रतापनगर, देवनगर और राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र में अभी भी धारा 144 लगी हुई है। सूरसागर क्षेत्र में जहां विवाद हुआ था, वहां पुलिस जाब्ता तैनात है। पुलिस दर्ज मामलों में जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है। क्षेत्र में अब शांति है।

## राज्यसभा में सदन के नेता की जिम्मेदारी संभालेंगे जे.पी. नड्डा

नई दिल्ली, 24 जून। राज्यसभा में जे.पी. नड्डा नेता सदन की जिम्मेदारी संभालेंगे। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में वह स्वास्थ्य मंत्री बनाए गए हैं। उनसे पहले पीयूष गोयल राज्यसभा के नेता थे, जो इस बार मुंबई की एक सीट से जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं। ऐसे में राज्यसभा में सबसे वरिष्ठ नेता जेपी नड्डा ही थे, जिन्हें पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। चर्चा है कि उन्हें जल्दी ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद से मुक्त किया जा सकता है और उनके उत्तराधिकारी की पार्टी ने तलाश तेज कर दी है। अगले कुछ महीनों में ही भाजपा नए अध्यक्ष का ऐलान कर सकती है।

- मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में नड्डा को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया है।

भाजपा में आमतौर पर एक व्यक्ति, एक पद की नीति रही है। ऐसे में कयास तेज हैं कि जेपी नड्डा की जगह अब भाजपा किसी और नेता को ही पार्टी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपेगी। उनके विकल्प के तौर पर विनोद तावड़े, सुनील बंसल और अनुराग ठाकुर जैसे नेताओं के नाम चर्चा में हैं। फिलहाल हरियाणा, महाराष्ट्र समेत 5 राज्यों में अगले कुछ महीनों ही चुनाव होने हैं। ऐसे में यह भी चर्चा है कि भाजपा की ओर से कुछ दिनों के लिए जेपी नड्डा और सेवा विस्तार मिल सकता है। उस अवधि में उनको कामकाज में मदद करने के लिए एक कार्यकारी अध्यक्ष दिया जा सकता है।

# राजस्थान को 2 रीज़नल पूल से बिजली मिलेगी

जयपुर, 24 जून। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आग्रह पर केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने भीषण गर्मी को देखते हुए राजस्थान को 2 रीजनल पूल से अनावंटित बिजली का कोटा देने निर्णय किया है। इसे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों का नतीजा माना जा रहा है, 400 मेगावाट) बिजली 24 घंटे उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया है।

इस अनावंटित बिजली की आपूर्ति 26 जून से प्रारंभ हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन एवं बिजली की आपूर्ति के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

- मु.मंत्री भजनलाल शर्मा के आग्रह पर केन्द्र सरकार ने भीषण गर्मी को देखते हुए राजस्थान को अनावंटित बिजली देने की मंजूरी दी।
- मुख्यमंत्री ने हाल ही में नई दिल्ली यात्रा के दौरान ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से इस बारे में मुलाकात की थी।
- केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय के निर्देश पर राजस्थान को दो अनावंटित पूल से कुल 400 मेगावॉट बिजली 24 घंटे दी जाएगी।

जैसा कि विदित है कि, मुख्यमंत्री शर्मा ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से हाल ही में नई दिल्ली में मुलाकात की थी। जिसके बाद केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने 24 जून, को केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण को पत्र लिखकर राजस्थान को दक्षिण एवं पश्चिम रीजन के अनावंटित पूल से 200-200 मेगावाट (कुल

गत दिनों राजस्थान को छत्तीसगढ़ में फंसे 4 लाख मीट्रिक टन (लगभग 100 रैक्स) कोयले की आपूर्ति का निर्णय भी हुआ था। इस कोयले से प्रदेश के पावर प्लांट्स में कोयले के भंडार बढ़ेंगे और आमजन को पर्याप्त बिजली उपलब्ध हो सकेगी।

## इमर्जेंसी के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हैं बल्कि पार्टी के मुख्यालयों तक सीमित है। यह अवधि कांग्रेस की एकतरफा तानाशाही का पर्याय बन गई थी, इस दौरान नागरिकों के सभी नागरिक अधिकार खत्म हो गए थे और असहमति की आवाज़ों को अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में डाल दिया था। बलूनी ने यह भी कहा था कि, आज भी इस काले दिन के पाठ को जब भारतीय इतिहास में पढ़ते हैं तो 25 जून 1975 की दिल को भयभीत करने वाली गहरी यादें पुनः याद आ जाती है।

एक प्रैस विज्ञप्ति में, उन्होंने कहा कि इस आपातकाल की घटना के विरोध में 25 जून को दिन 12:30 बजे भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पार्टी के दिल्ली केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पार्टी के नेताओं को संबोधित करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि यह विरोध प्रदर्शन यह बताने के लिए है कि किस तरह से कांग्रेस ने संविधान का गला घोटा था, नागरिकों को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया था, 21 महीनों तक विपक्ष के नेताओं पर अत्याचार किए गए थे तथा आंतरिक सुरक्षा अधिनियम (मीसा) व भारतीय रक्षा नियम (डी.आई.आर.) के तहत मीडिया को कुचला गया। सत्य बोलने वालों की आवाज़ दबा दी गई, भारत की लोकतांत्रिक अखंडता को कमज़ोर किया गया व जनता का दमन किया गया था।

## "ब्रिटानिया"...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

फैक्टरी का प्रोडक्शन बंद रहेगा। भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि, फैक्टरी का बंद होना वास्तव में बंगाल के पतन का प्रतीक है, एक ऐसा राज्य जो कभी अपनी समृद्धि के लिए मशहूर था वह आज अव्यवस्था की वजह से पतन के रास्ते पर है।

तारातल प्लांट ब्रिटेनिया की सबसे पुरानी फैक्ट्रियों में से एक है। यह पिछले 7 दशक से लगातार उत्पादन कर रही है। जबकि अभी पिछले 20 दिनों से कंपनी का प्रोडक्शन बंद है। कंपनी के मार्केटिंग एवं बिजनेस लीडर गौतम राय ने कहा कि, कंपनी ने अभी तक बंद को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है।

ब्रिटेनिया मैनेजमेंट ने कर्मचारियों के बाकी बचे 5 साल 11 महीने के कार्यकाल के लिए 13 लाख रुपये देने का वादा किया है। जिस भी कर्मचारी की नौकरी अभी 6 से 10 साल तक बाकी है उसे 18.5 लाख रुपय, 10साल से ज्यादा बाकी कार्यकाल वाले कर्मचारी को 22.25 लाख रुपय देने का वादा किया है।

मालवीय ने फैक्ट्री बंद होने का ठीकरा सीपीआईएम की यूनियनबाजी और टी.एम.सी. की तौलाबाजी पर फोड़ा। भाजपा के एक नेता ने कहा कि ब्रिटानिया फैक्ट्री जो कभी बंगाल में औद्योगिक जीवन शक्ति का प्रतीक थी, उसे पहले सीपीआईएम की यूनियनबाजी और फिर बाद में टीएमसी की अथक तौलाबाजी का सामना करना पड़ा। टीएमसी की तौलाबाजी फैक्ट्री के ताबूत में आखिरी कील साबित हुई। मालवीय ने कहा कि इस फैक्ट्री के बंद होने के बाद प्रदेश में रोजगार की स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

# हुड्डा और कुमारी शैलजा गुट के बीच उठापटक की राजनीति तेज हुई

## इंडियन नैशनल लोक दल के प्रमुख अभय चौटाला ने भी हुड्डा पर लोकसभा चुनाव में भाजपा से सांठगांठ करने का आरोप लगाया

चंडीगढ़, 24 जून। हरियाणा में अगले कुछ महीनों में ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। लोकसभा चुनाव में पार्टी को 5 सीटों पर ही जीत मिली है, जबकि उसकी उम्मीदें कम से कम 7 या 8 सीटें हासिल करने की थीं। अब इसे लेकर भी आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। हरियाणा कांग्रेस में भूपिंदर सिंह हुड्डा और कुमारी शैलजा के दो गुट माने जाते हैं। अकसर कुमारी शैलजा मुखर रही हैं और हुड्डा को निशाने पर लेती रही हैं। अब उन्होंने एक बार फिर से इशारों में ही हुड्डा खेमे पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यदि टिकट बंटवारा सही से किया गया होता तो इंडिया अलायंस को हरियाणा में 8 से 10 सीटें मिल सकती हैं।

कांग्रेस ने सूबे की 9 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा था, जबकि कुरुक्षेत्र की सीट आम आदमी पार्टी को दी गई थी। कुमारी शैलजा ने कहा कि, शायद हाईकमान या फिर राज्य के प्रभारी को जमीनी स्थिति की जानकारी नहीं थी। ऐसा भी हो सकता है कि उनके पास सही फीडबैक न पहुंचा हो। यदि ऐसा नहीं होता तो हम 5 की बजाय 8 या 10 लोकसभा सीट हासिल करते। कुमारी शैलजा ने अपने इस बयान में भले ही किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन टिकट बंटवारे का जिक्र कर हुड्डा कैम्प पर निशाना जरूर साध दिया। इसकी वजह यह है कि टिकट बंटवारे में कहा जाता है कि हुड्डा खेमे की ही चली है।

कुमारी शैलजा ने जहां पार्टी के भीतर से हुड्डा पर सवाल उठाया है तो वहीं इंडियन नैशनल लोक दल के प्रमुख नेता अभय चौटाला ने भी उन पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि, हुड्डा ने भाजपा से सांठगांठ कर ली थी। इसके चलते ही कई सीटों पर कांठोस ने कमजोर उम्मीदवार उतारे थे। उन्होंने कहा कि हुड्डा अब भी भाजपा के हाथों खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव होने वाला है। इसके बाद भी हुड्डा अब तक तैयार नहीं हैं और विपक्ष का संयुक्त उम्मीदवार उतारने से भाग रहे हैं। ऐसा तब है, जब विपक्ष इसके लिए पूरी तरह से तैयार है। इस बीच भूपिंदर सिंह हुड्डा ने रविवार को अंबाला में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांठोस कार्यकर्ताओं से कहा कि आप लोग तैयार रहें। असली लड़ाई तो अभी होनी है। उन्होंने कहा कि आपको यह तय करना होगा कि अंबाला की सभी 4 सीटों पर कांग्रेस जीत हासिल करे।

# हरियाणा में 23 हजार लोगों की सरकारी नौकरी छिन जायेगी?

- सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा में सरकारी नौकरियों में सामाजिक-आर्थिक आधार पर पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों को 5 बोनस अंक दिए जाने के फैसले पर रोक लगा दी है।

नई दिल्ली, 24 जून। पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के बाद अब हरियाणा सरकार को सुप्रीम कोर्ट से भी बड़ा झटका लगा है। राज्य में सरकारी नौकरियों में सामाजिक-आर्थिक आधार पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों को 5 बोनस अंक दिए जाने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने भी रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया है।

अब इस मामले में हरियाणा सरकार फंसती हुई नजर आ रही है। सुप्रीम कोर्ट से राहत न मिलने के बाद सरकार पुनर्विचार याचिका दायर कर सकती है। अगर फिर भी राहत न मिली तो भर्तियां रद्द कर नए सिरे से एग्ज़ाम लेना ही सरकार के पास अंतिम रास्ता होगा। ऐसे में साल 2023 में निकाली गई ग्रुप सी और और ग्रुप डी में नियुक्ति पा चुके 23 हजार युवाओं की नौकरी पर तलवार लटक गई है। अब उन्हें दोबारा एग्जाम देना पड़ेगा। अगर वे पास नहीं हो पाए तो नौकरी से बर्खास्त हो जाएंगे। इन्हें भर्ती वाले साल में ही नियुक्ति भी दे दी गई थी।

हरियाणा में अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव हैं। ऐसे में भाजपा की नायाब सैनी सरकार सरकार के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई है। मालूम हो कि, हरियाणा की मनोहर लाल खट्टर सरकार ने नौकरियों में सामाजिक व आर्थिक आधार पर पिछड़े वर्ग के आवेदकों को 5 बोनस अंक देने का फैसला किया था। यह 5 मई, 2022 से लागू किया था।

इसके तहत जिस परिवार में कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी में न हो और परिवार की आमदनी सालाना 1.80 लाख रुपए से कम हो, ऐसे परिवार के आवेदक को 5 अतिरिक्त अंक का लाभ मिलता है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के कॉमन एलिजिबिलिटी टैस्ट में 1.80 लाख सालाना इनकम वाले परिवारों को बोनस अंक का लाभ दिया था। राज्य के परिवार पहचान पत्र वाले युवाओं को ही यह फायदा मिला। साल 2023 में निकाली गई ग्रुप सी और डी की भर्ती में ये फैसला लागू हुआ था।

## इंडिया और एन.डी.ए...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला, तमिलनाडु की विक्रवंडी, मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा, उत्तराखंड की बद्रीनाथ और मंगलौर, पंजाब की जालंधर पश्चिम और हिमाचल प्रदेश की देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ सीटें खाली हैं।

कांग्रेस की राजस्थान इकाई के प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा ने राज्य में 5 विधानसभा क्षेत्रों में आगामी उपचुनाव के लिए चुनाव समितियों का गठन किया है। पार्टी के अनुसार, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की देखरेख चार सदस्यीय समिति करेगी, जिसे पार्टी के प्रचार समन्वय और रणनीति बनाने का काम सौंपा जाएगा। हाल में हुए आम चुनाव में मौजूदा विधायकों के लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद खाली हुईं 5 विधानसभा सीट झुंझुनू, दौसा, देवली-उनियारा, खींवसर और चौरासी पर उपचुनाव होना है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव स्वर्णिम चतुर्वेदी ने कहा कि ब्लॉक, मंडल और बूथ स्तर पर बैठकों के लिए समितियों का गठन किया गया है ताकि जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ सीधा जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके।

भाजपा की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने दावा किया कि छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में पार्टी की विजय होगी। उन्होंने कहा कि हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी ने राज्य की सभी 29 सीटों पर विजय हासिल की है। लोकसभा चुनाव के दौरान अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को 15 हजार मतों की बढ़त मिली थी। अब उपचुनाव में पार्टी 51 हजार से अधिक मतों से जीतेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं के हितग्राही ही पार्टी को जिताएंगे। अमरवाड़ा विधानसभा में 332 बूथ हैं। लोकसभा चुनाव में लगभग 200 बूथों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता सजग प्रहरी बनकर अपने-अपने बूथ को और मजबूत बनाने, पार्टी के साथ नए मतदाताओं को जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आ ान किया कि वे सभी बूथों पर पार्टी को जिताने का संकल्प लेकर जाएं।

## भाजपा ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। नड्डा ने कहा इतना वीभत्स हादसा हुआ और आपके नेतृत्व वाली पार्टी इस पर चुप बैठी है। नड्डा ने आगे कहा कि कुछ मुद्दों के लिए हमें पार्टी से ऊपर उठकर आवाज उठानी चाहिए। एस.सी., एस.टी. का कल्याण व सुरक्षा ऐसे ही मुद्दे है।

नड्डा ने कांग्रेस पार्टी पर इसलिए भी निशाना साधा कि वे एक असफल नेता को स्थापित करने का प्रयास बार-बार कर रहे है।

उन्होंने कहा कि खड़गे जी आज वास्तव में "न्याय" की बात करने की जरुरत है। एक असफल नेता को स्थापित करने के लिए इसे नारे के रुप में प्रयुक्त ना करे। आज तमिलनाडू की जनता व समस्त एस.सी. समुदाय कांग्रेस, खासकर गांधी व इंडिया गठबंधन की दोहरी नीति देख रहा है।

भाजपा प्रमुख ने खड़गे से कहा कि वे राहुल और प्रियंका से कहे कि वे पीड़ितों से मिले या कम से कम उनके लिए आवाज तो उठाए।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों में अवैध शराब के धन्धे या शराब घोटाले की तरफ विशेष रुझान है।

# संसद के पहले ही दिन प्र.मंत्री मोदी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आवाज़ बुलंद करने देने की उनकी कोई योजना नहीं है।

प्रधानमंत्री ने जनता को आश्वस्त किया कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में तीन गुना मेहनत करके तीन गुना परिणाम देगी। उन्होंने कहा कि चुनाव महत्वपूर्ण थे, क्योंकि स्वतंत्रता के बाद यह दूसरी सरकार है जिसे लगातार तीन बार राज करने के लिए चुना गया। उन्होंने मीडिया से कहा कि "यह अवसर 60 वर्ष बाद आया है। इसका मतलब है कि जनता ने उनकी सरकार के समर्पण, नीतियों और इरादों पर अपनी मुहर लगा दी है। मैं इसके लिए जनता को धन्यवाद अदा करता हूं।"

तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार द्वारा लगाए गए "आपातकाल" का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि "भारतीय लोकतंत्र पर लगे काले धब्बे को कल 50 साल हो जाएंगे। नई पीढ़ी नहीं भूलेगी कि भारतीय संविधान को किस तरह से समाप्त किया गया, देश को किस तरह से एक जेल में तब्दील कर लोकतंत्र को बंधक बना लिया गया। इस 50वीं बरसी पर देश एक शपथ लेगा कि ऐसा आगे कभी ना हो।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश और उसकी जनता की सेवा करने के लिए सबकों साथ लेकर चलने की निरंतर कोशिश करेगी, लेकिन साथ ही मैसेज भी देते हुए कहा कि "भारत को एक जिम्मेवार विपक्ष की जरुरत है, जनता अर्थपूर्ण बातें चाहती है, ना कि नारेबाजी।

वह बहस और कर्मठता चाहती है, ना कि संसद की कार्रवाई में व्यवधान। मैं उम्मीद करता हूं कि विपक्ष जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगा।"

उन्होने कहा कि देश का सांसदों से बहुत सी आकांक्षाए हैं। उन्होंने उनसे अनुरोध किया कि वे लोक कल्याण के लिए हर संभव कदम उठाएं। प्रधानमंत्री ने नवनिर्वाचित सांसदों को शुभकामनाएं देते हुए ध्यान दिलाया कि यह पहला मौका है, जबकि नए सांसद नए संसद भवन में शपथ लेंगे।

कांग्रेस का निशाना बनाकर की गईं प्रधानमंत्री की टिप्पणियों और प्रहारों पर खड़गे ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश यह उम्मीद कर रहा था कि प्रधानमंत्री नीट को लेकर हुए विरोध, पश्चिम बंगाल के ट्रेन हादसे या मणिपुर हिंसा के बारे में बोलेंगे। उन्होंने कहा कि, लोकसभा चुनावों में हुई नैतिक एवं राजनैतिक पराजय के बावजूद प्रधानमंत्री ने आज एक परम्परागत भाषण से अधिक लंबा भाषण दिया।

कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि "जनता यह उम्मीद कर रही थी कि प्रधानमंत्री नीट व अन्य भर्ती परीक्षाओं में हुए पेपर लीक के संदर्भ में युवाओं के प्रति थोड़ी सहानुभूति दिखाएंगे, लेकिन उन्होंने अपनी सरकार के भ्रष्टाचार और महा-धांधली की कोई जिम्मेवारी नहीं ली। मोदी जी पश्चिम बंगाल में हाल ही हुए ट्रेन हादसे और रेलवे के कुप्रबंधन के बारे में भी चुप्पी साधे रहे। मणिपुर पिछले 13 महीनों से हिंसाग्रस्त है, लेकिन मोदी जी ने वहाँ जाने की ज़हमत कभी नहीं उठाई ना ही उन्होंने वहाँ हुई ताज़ा हिंसा पर कोई चिंता प्रकट की। उन्होंने कहा कि चाहे असम और नॉर्थ ईस्ट की बाढ़ हो, कमरतोड़ महंगाई हो, रूपए की ऐतिहासिक गिरावट या एग्ज़िट पोल-स्टॉक मार्केट के घोटाले का मुद्दा हो, प्रधानमंत्री चुप हैं।

खड़गे ने कहा कि "मोदी सरकार ने जनगणना को काफी समय से लम्बित रखा हुआ है और प्रधानमंत्री जातिगत जनगणना पर भी बिल्कुल खामोश हैं।"

## कांग्रेस सांसदों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अपनी जिम्मेदारियों से बच नहीं पाएं।

राहुल ने एन.डी.ए. सरकार के 10 नकारात्मक मुद्दे गिनाएं जिन्हें वे 15 दिनों में उठाएंगे, वे ये है:

1. पश्चिम बंगाल की ट्रेन दुर्घटना
2. कश्मीर में आतंकी हमला
3. रेल यात्रियों का बुरा हाल
4. नीट घोटाला
5. नीट पी.जी. रद्द
6. यू.जी.सी. नेट पेपर लीक घटना
7. दूध, दालें व गैस के दामों में वृद्धि
8. जंगलों में आग लगना
9. जल संकट चल रहा है
10. बचाव की कोई व्यवस्था नहीं होने से लू से हो रही मौतें

## अधिकतम ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

खुदरा विक्रेता इस दौरान अपने पास 10 टन से अधिक गेहूं नहीं रख सकेंगे। थोक विक्रेताओं और स्टॉक सीमा व्यापारियों के लिए अधिकतम स्टॉक की सीमा तीन हजार टन रखी गयी है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि गेहूं पर स्टॉक सीमा लागू करने का यह आदेश विनिर्दिष्ट खाद्य उद्य उत्पादों पर लाइसेंसिंग शर्त, स्टॉक सीमा और आवागमन प्रतिबंधों को हटाने (संशोधित करने) के आदेश, 2024 को आज यानी 24 जून से तत्काल प्रभाव से जारी कर दिया गया है और यह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगा। इसी तरह आटा मिलें चालू वित्त वर्ष के बाकी माह की संख्या के गुणक के आधार पर अपनी मासिक प्रसंस्करण क्षमता के 70 प्रतिशत के हिसाब से गेहूं स्टाक रख सकती हैं।

# एन.डी.ए. के लिए नई चुनौतियाँ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बैंक शाखाओं की बहुत कम संख्या होने जैसे मुद्दे उठाएंगे।

पात्रा ने कहा, "कोयले की रॉयल्टी बढ़ाने की ओडीशा की मांग को पिछले दस सालों से केन्द्र ने नज़रअंदाज़ किया है। इससे राज्य की जनता को भारी नुकसान हो रहा है, क्योंकि, उन्हें अपना उचित हिस्सा नहीं मिल रहा है।"

यह पूछे जाने पर कि, क्या बी.जे.डी. भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को मुद्दों पर आधारित समर्थन देने के अपने पुराने रुख पर कायम रहेगी, पात्रा ने कहा, "भाजपा को अब कोई समर्थन नहीं, केवल विरोध। हम ओडीशा के हितों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।"

उन्होंने आगे कहा, "भाजपा को समर्थन देने का कोई प्रश्न नहीं है। बी.जे.डी. अध्यक्ष ने हमसे कहा है कि, यदि एन.डी.ए. सरकार ओडीशा की उचित मांगों को नज़र अंदाज़ करना जारी रखती है तो हम एन.डी.ए. सरकार के एक "सजीव व सशक्त विपक्ष के रुप में काम करें।"

ओडीशा विधानसभा चुनावों में नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बी.जे.डी. ने सत्ता खो दी और भाजपा विजयी रही। लोकसभा चुनावों में भी बी.जे.डी. एक भी सीट नहीं जीत पाई। सन् 1997 में पार्टी के गठन के बाद पहली बार ऐसा हुआ है।

पूर्व में बी.जे.डी. ने ना केवल संसद में भाजपा को मुख्य विधेयकों पर समर्थन दिया है, बल्कि 2019 और 2024 में रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव को राज्यसभा में भेजने में भेजने में मदद भी की है।

इस बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्य मंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने, तीस्ता जल बंटवारा और फरक्का बैराज के पानी को लेकर बांग्लादेश के साथ हुई वार्ता में पश्चिम बंगाल को शामिल नहीं करने पर "भारी एतराज़" जाहिर किया है।

बनर्जी ने प्रधानमंत्री से यह भी कहा कि, पश्चिम बंगाल को शामिल किए बिना वे पड़ोसी देशों से ऐसी कोई वार्ता ना करें।

मोदी को लिखे, तीन पृष्ठों के अपने पत्र में उन्होंने कहा है, "मैं यह पत्र, हाल ही में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री की यात्रा के संदर्भ में लिख रही हूँ। ऐसा लगता है कि, गंगा और तीस्ता नदियों के जल बंटवारे से संबंधित मुद्दों पर, उनके साथ मीटिंग के दौरान वार्ता हुई होगी। राज्य सरकार की सलाह तथा विचार लिए बिना किया गया एकतरफा विचार विमर्श व वार्ता ना तो स्वीकार्य है ना ही उचित है।"

उन्होंने कहा भौगोलिक, सांस्कृतिक, और आर्थिक दृष्टि में बंगाल और बांग्लादेश में भारी समानता है।

बनर्जी ने कहा, "मैं बांग्लादेश के लोगों का भारी सम्मान करती हूँ उनसे प्रेम करती हूँ। लेकिन मैं इस बात पर अपनी गंभीर आपत्ति व्यक्त करती हूँ, बांग्लादेश के साथ तीस्ता जल बंटवारे और फरक्का संधि सम्बंधी वार्ता राज्य सरकार को शामिल किए बिना नहीं होनी चाहिए थी।

पश्चिम बंगाल की जनता का हित सर्वोपरि है उसके साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

# ममता बनर्जी ने केन्द्रीय सरकार को...

- परम्परा के अनुसार, आज कोलकाता जो महसूस करता है वह कुछ समय बाद पूरा बंगाल महसूस करता है। वामपंथी सरकार पहले कोलकाता के म्युनिसिपल क्षेत्रों में हारने लगी, देखते-देखते ही, कुछ समय में बंगाल की गद्दी उसके हाथ से निकल गई।
- यह इतिहास जानते हुए, ममता बनर्जी का भयभीत होना, कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

व्यापक भ्रष्टाार का कोई स्कोप नहीं होता था। वर्ष 2017 तक मैडिकल के एन्ट्रेन्स एग्ज़ाम राज्य सरकारों के अधीन ही होते थे।

बनर्जी ने ध्यान दिलाया कि राज्य मैडिकल डॉक्टर्स की ट्रेनिंग पर 50 लाख रूपए खर्च करते हैं और उनकी भर्ती प्रक्रिया में भी उन्हें अहमियत देनी चाहिए। मैडिकल एन्ट्रैन्स परीक्षाओं के केन्द्रीकरण का परिणाम सहयोगात्मक संघवाद के सीमित होने के रूप में हुआ।

लोकसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद ममता बेहद सक्रिय हो गई है और अब आकर्षण का केन्द्र बने रहने के लिए मुद्दे उछाल रही है। वह अपनी स्वयं की सरकार के संचालन के विविध पहलुओं को लेकर सार्वजनिक मीटिंग्स कर रही हैं। वह प्रशासनिक संचालन के विभिन्न स्तरों पर हुईं गंभीर त्रुटियों को स्वीकार रही हैं। इन गंभीर त्रुटियों के लिए बनर्जी ने अपनी पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों का नाम लेते हुए उन्हें जिम्मेदार माना है। उन्होंने साल्टलेक के विधायक सुजीत बोस पर बाहर के लोगों को लाने और सरकारी प्रॉपर्टी पर अतिक्रमण कर स्टाल्स लगवाने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कई गंभीर गलतियों के लिए कई सीनियर अधिकारियों को नामतः जिम्मेदार ठहराया है और उनमें से कुछ की जांच व तबादले करने के लिए कहा है।

ममता बनर्जी ने इतने कड़े शब्दों में निंदा की कि कई लोगों को तो लगा कि शहर विकास मंत्री और कलकत्ता के मेयर फिराद हाकिम तुरंत इस्तीफा दे देंगे। जिस मीटिंग में मुख्यमंत्री तृणमूल नगर निगम की विफलता दर आगबबूला हो रही थी वहां हाकिम भी मौजूद थे।

लेकिन इस आलोचना के पीछे यह स्वीकारोक्ति थी कि शहरी क्षेत्र में तृणमूल पार्टी भाजपा से काफी पिछड़ गई है। कलकत्ता नगर निगम के सभी वॉर्डों में भाजपा आगे रही है।

कलकत्ता उत्तर की सीट से सुदीप बंदोपाध्याय को जीतने में कुछ मुस्लिम बहुल क्षेत्रों से वोटिंग की ताकत मिली थी। अन्यथा सुदीप उनके प्रतिद्वन्द्वी भाजपा उम्मीदवार तापस रॉय से उत्तरी कोलकाता निर्वाचन क्षेत्र में काफी पीछे चल रहे थे। इन रूझानों को देखते हुए ममता बनर्जी के लिए यह चिन्ता का विषय है कि निकटवर्ती भविष्य में क्या स्थिति होगी।

विशेषज्ञों का कहना है, सामान्य शब्दों में कहा जाए तो कलकत्ता से ही सारे बदलाव पूरे बंगाल में होते हैं। ऐसा लम्बे समय तक वामपंथी शासन के दौरान हुआ था और यह रूझान कलकत्ता में देखा गया है जहां पर तृणमूल की शहरी क्षेत्र में अपनी पकड़ कमजोर होती दिख रही है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908


MARUTI SUZUKI ARENA
खुशियां अनलॉक करें
ड्रीम सीरिज
के साथ
आज ही अपना सपना साकार करें।
कोई भी ड्रीम सीरीज एडीसन खरीदें @ ₹4.99L* में
ऑफर स्टॉक रहने तक
ज़्यादा सुरक्षा
रिवर्स पार्किंग कैमरा डिस्प्ले के साथ
डुअल एयरबैग्स
सिक्योरिटी सिस्टम
+10 अन्य सेफ्टी फीचर्स
ज़्यादा एंटरटेनमेंट
इन्फोटेनमेंट सिस्टम
स्पीकर
+10 अन्य एक्सेसरीज
अधिक जानने के लिए स्कैन करें
S-PRESSO
CELERIO
ALTO K10
E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk orders, mail at: bharat.mittal@maruti.co.in
AUTHORISED DEALERS: SIROHI: NAVNEET MOTORS: CALL: 02972-222917-18, 7665010638. JODHPUR: L.M.J. SERVICES LTD: INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWERHOUSE ROAD: CALL: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. BALOTRA: CALL: 8094011142, 8094017705. BARMER: CALL: 8094011135, 8094017719. SHEO: CALL: 8094011135. BILARA: CALL: 8094019882. BHOPALGARH: CALL: 8094009857, 8094011128. JAISALMER: CALL: 02992-203222, 8094011137. OSIAN: CALL: 8094019882. PIPAR: CALL: 8094019893, 8094011128. POKHRAN: CALL: 8094002631. SIWANA: CALL: 8094017705. LUNI: CALL: 8094017715. BAYTU: CALL: 8094011135. GUDAMALANI: CALL: 8094011135. CHANDAN: CALL: 8094011137. SUMERPUR: 8094017723, 8094011136. FALNA: 8094002640. SOJAT: 8094017722.MARWAR JUNCTION: 8094002640. RAIPUR: 8094017722. TIWARI: CALL: 8094019882. ASOP: CALL: 8094011128. JAITARAN: CALL: 8094010933. AURIC MOTORS PVT LIMITED: SARSWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: CALL: 9015900500. BALESAR: CALL: 9015900500. BORUNDA: CALL: 9015900500. BAORI: CALL: 9015900500. AHORE: CALL: 9015900500. SAYLA: CALL: 9015900500. SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.: PRATAP NAGAR: CALL: 291 2762064/65 9929244412, 9929244403. JALORE: CALL: 9116137669, 9929244436. BHINMAL: CALL: 968005999. SANCHORE: CALL: 9928568669. RANIWARA: CALL: 7340061247. PHALODI: CALL: 9929244412, 9119180984. NAGAUR: MANGALAM MOTORS: NAGAUR: CALL: 9116008626, 9116008630. KUCHMAN CITY: CALL: 9649518518. DIDWANA: CALL: 7231912912. MAKRANA: CALL: 7231913913. LADNU: CALL: 7230055912. MERTA: CALL: 7230055965. DEGANA: CALL: 9116009562. PARBATSAR: 7230055941. PALI: L.M.J. SERVICES LTD.: PALI: CALL: 02932 - 256177, 8094011136. SUMERPUR: CALL: 8094017723, 8094011136. FALNA: CALL: 8094010932. JAITARAN: CALL: 8094010933. SOJAT: CALL: 8094017722. MARWAR JUNCTION: CALL: 8094017701. RAIPUR: CALL: 8094017722. AURIC MOTORS PVT LIMITED: AHORE: CALL: 9015900500. SAYLA: CALL: 9015900500. SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.: JALORE: CALL: 9929244436, 9116137669. BHINMAL: CALL: 9680059999, 9929244436. SANCHORE: CALL: 9929244436, 9928568669. RANIWARA: CALL: 7340061247, 9929244436. TECHNOY MOTORS: REVDAR: CALL: 9116653762. JAWAL: CALL: 9530396910. R- OUTLET: JAWAL: CALL: 9530396910. NAVNEET MOTORS: SIROHI: CALL: 02972-222917/ 18, 7665010638. ABUROAD: CALL: 02974-220090, 7665016624. UDAIPUR: TECHNOY MOTORS: GOVARDHAN VILLAS: 9982666809. FATEHNAGAR: CALL: 9530396817. SAGWARA: CALL: 02966-254767, 9982667899. BHINDER: CALL: 9530396848. REVDAR: CALL: 9024361043. KHERWARA: 9773378410. JHADOL: 9773379023. SABLA: 9724135470, 9773361078. JAWAL: 9530396910. R- OUTLET: GOGUNDA: CALL: 9983176396. NAVNEET MOTORS: MADRI: CALL: 0294-2494454, 9828059107. SHOBHAGPURA: CALL: 9829043600. SIROHI: CALL: 02972-222917/18, 7665010162. ABUROAD: CALL: 7230046383, 7665016624. DUNGARPUR: CALL: 7665001684. SALUMBER: CALL: 7665010649. PINDWARA: CALL: 7230019850. SHEOGANJ: CALL: 8387079113. SIMALWARA: CALL: 8769599339. BHATIA & COMPANY: PRATAPGARH: 01478- 220999, 9672685999. BANSWARA: NAVNEET MOTORS: BANSWARA: CALL: 9414159145, 7665010625, 7665010628. DUNGARPUR: CALL: 7665001684. PARTAPUR: CALL: 7665010627, 9414159145. TECHNOY MOTORS: SAGWARA: CALL: 9982667899. SABLA: CALL: 9724135470, 9773361078. R- OUTLET: SABLA: CALL: 9724135470, 9773361078. BHILWARA: BHATIA AND COMPANY: CHITTORGARH: CALL: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117. NIMBAHERA: CALL: 9772378667, 9413316799. PRATAPGARH: CALL: 9116665219, 9672683999. BEGUN: CALL: 9116652801, 9413316299. MANGALWAD: CALL: 9414038599. CHAMPION CARS: BHILWARA: CALL: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. MANDALGARH: CALL: 9602892417. ASIND: CALL: 9602892432. BHARATPUR: TM MOTORS: BHARATPUR: CALL: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. DHOLPUR: CALL: 8094777002, 8094519222. NAGAR: CALL: 8094777876, 8094000622.
*Terms and conditions apply. Offer valid for select models/ variants and in select states only. Accessories and features shown may not be part of standard equipment and may vary from variant to variant. Images used are for illustration purpose only. Appearance of black shade on glass is due to lighting effect. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw the offers at any point in time without any advance notice.